राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 31 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 1-7 जुलाई 2024

Website : faridabadkiawaz.com

मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8

देश की आवाज़

आप ने केजरीवाल की रिहाई को लेकर भाजपा मुख्यालय के निकट प्रदर्शन किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर यहां दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय के निकट प्रदर्शन किया। केजरीवाल दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के सिलसिले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में हैं। इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। उन्हें निचली अदालत से जमानत मिल गई थी जिस पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी। प्रदर्शनकारी डीडीयू मार्ग पर भाजपा मुख्यालय के निकट आप कार्यालय में एकत्र हुए और केजरीवाल की रिहाई की मांग करते हुए भाजपा के खिलाफ नारे लगाए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोकने की व्यवस्था की गई है क्योंकि विरोध प्रदर्शन के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अवरोधक लगाये गए हैं और अर्धसैनिक बलों के जवानों को मौके पर तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया जा सकता है क्योंकि डीडीयू मार्ग पर पहले से धारा 144 लगा दी गई है।

दिग्विजय के चलते कांग्रेस की हुई हालत इतनी खराब : रोकड़े

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान प्रेसवार्ता के दौरान म.प्र. में गुरुदेव के नाम से प्रसिद्ध लेखक व विचारक तथा राजनीतिक रणनीतिकार भास्कर राव रोकड़े द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को प्रदेश में हाशिये में पहुंची कांग्रेस का ज़िम्मेदार ठराया। उन्होंने बताया 1980 के बाद म.प्र.में राजघरानों व पूर्व सामंतों के वंशजो ने अघोषित सामंतवाद स्थापित कर लिया। सन 1980 के बाद म.प्र.में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर रहे सामंतवादियों ने पिछड़ी व अत्यंत पिछड़ी जातियों से किसी को भी आगे बढ़ने नही दिया। उन्हें इतना परेशान कर दिया जाता कि वे उठकर कुछ करने लायक नही बचते। कहा पूर्व मुख्यमंत्री स्व.अर्जुन सिंह ने पिछड़ी जातियों के लिए सर्वहारा शब्द का उपयोग किया, तो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह उनसे चार कदम आगे चलते हुए वंचितों के मसीहा बनने लगे। लेकिन उन्होंने एससी, एसटी, ओबीसी, ईबीसी नेताओं को कुचक्र में फंसाकर उनकी संभावनाओं पर ही विराम लगा दिया। जिसके कारण पिछड़ी जातियों से नेतृत्व उभरकर सामने नहीं आ पाया। दिग्विजय सिंह की सामंती सोच के कारण ही प्रदेश में कांग्रेस के किसी भी नेता को सफल नही होने दिया। इसमें कमलनाथ भी शामिल है। जिसके कारण प्रदेश कांग्रेस के पक्ष में वातावरण होते हुए भी पार्टी को बुरी तरह से पराजय का सामना करना पड़ा। दिग्विजय सिंह के कारण म.प्र. में कांग्रेस बहुत-अधिक कमजोर हो गई है। उन्होंने 2018 में कमलनाथ के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद दिग्विजय सिंह पर उनके और प्रदेश कार्यालय में अपने करीबियों को नियुक्त कर कमलनाथ की लोकप्रियता को कम करने का आरोप लगाया। बताया 2020 में कमलनाथ सरकार के

गिरने का कारण दिग्विजय सिंह ही थे. जिसके संकेत उन्होंने कमलनाथ को भी दिए था। दिग्विजय सिंह ने तिकड़म-बाजी कर सन 2018 के विधानसभा चुनाव में भी 45 टिकट गलत दिलाभी आरोप लगाया। रोकड़े ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय मप्र की 29 में से 28 सीटों की टिकट दिग्विजय सिंह के मर्जी से ही दिए गए। जिसके कारण मप्र में 14 सीटों पर जीत की उम्मीद थी किन्तु कांग्रेस जीरो पर पहुंच गयी। जबकि 7 फरवरी रोकड़े ने कहा था कि प्लानिंग के अनुरूप चुनाव जीतने योग्य उम्मीदवारों को टिकट दी गई, तो 29 में से 14 सीटों में कांग्रेस को सफलता मिल सकती है. रोकड़े ने बताया कि पुरातत्व महत्व के किलो व महलों से राजघरानों के वंशजों को खाली कराने, सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष करने, आउटसोर्सिंग प्रणाली से भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने, सरकारी व निजी क्षेत्र में एकसमान वेतन हेतु न्यूनतम वेतन अधिनियम लागू करने, पुनः 8 घंटे की शिफ्ट ड्यूटी लागू करने तथा पूर्ववत श्रम क़ानूनो को लागू करने, आबादी के अनुपात में आरक्षण लागू करने हेतु जातिगत जनगणना करने, ओबीसी व ईबीसी को समानता का अधिकार देने तथा इंडस्ट्री सेंट्रिक कम्युनिटी फार्मिंग सिस्टम से किसानों को नवक्रान्ति से जोड़ने हेतु 2 मई 2022 को मप्र के रीवा नगर से सम्यक अभियान शुरू किया गया। अब सम्यक अभियान अन्य राज्यो में विस्तारित होने जा रहा है। नवक्रान्ति, सम्यक विकास, राजघरानों की मनमानी पर रोक लगाकर उनके पास रखी अकूत संपत्ति तथा किलो व महलों को सरकारी घोषित कराके, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार के अवसरों से जोड़ने हेतु सम्यक अभियान संकल्पित है।

सांसद चंदोलिया ने करंट लगने से मारे गए 2 बच्चों के परिवार से की मुलाकात, शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली भाजपा के महासचिव एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के सिरसपुर अंडरपास में फंसकर करंट लगने से 2 बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री चंदोलिया ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में एक बच्चे के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और दिल्ली भाजपा की ओर से संवेदनाएं व्यक्त की। साथ हीउन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दूसरे बच्चे कई अभी पहचान नही हुई है। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि जब मंत्रियों को लोगों के लिए काम करना चाहिए, वे अपने जेल में बंद मुख्यमंत्री का समर्थन करने के लिए बयान देने में व्यस्त हैं। सांसद श्री चंदोलिया ने आज सवाल उठाया कि जब दिल्ली वालों को पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना करना पड़ा, तब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद, प्रमुख मंत्री, विधायक और पार्षद कहां थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले जानना चाहते हैं कि जब दिल्ली ने पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना किया, तब दिल्ली वालों के खर्चे पर सुविधाएं उठाने वाले सांसद संजय सिंह कहां थे। इसी तरह, आप सांसद एन.डी. गुप्ता और सुश्री स्वाति मालीवाल की अनुपस्थिति चौंकाने वाली है। श्री चंदोलिया ने कहा कि एन.डी. गुप्ता पिछले 6 वर्षों से दिल्ली के सांसद हैं, लेकिन किसी ने उन्हें कभी दिल्ली वालों के किसी भी मुद्दे पर खड़ा होते नहीं देखा। सांसद चंदोलिया ने कहा कि यहां तक कि आप के विधायक और पार्षद भी गायब थे और मैं इसके लिए 3 सबूत देता हूँ। किराड़ी में करंट लगने से 39 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई और मैंने दो बार उनके परिवार से मुलाकात की, उन्हें उनके पैतृक गांव जाने में मदद की, लेकिन स्थानीय 'आप' विधायक ने उनसे मुलाकात नहीं की। नए उस्मानपुर में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि वसंत विहार में एक निर्माण स्थल पर 3 मजदूर लापता हो गए, लेकिन स्थानीय ÷आप÷ विधायकों ने प्रभावित परिवारों को कोई मदद नहीं पहुंचाई।

बाल शिक्षा विकास संगठन फरीदाबाद के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। बाल शिक्षा विकास संगठन फरीदाबाद के द्वारा कल रविवार दिनाँक 30 जून 2024 को दिल्ली स्थिति शिवराम पार्क की श्री मैथिल ब्राह्मण कल्याण समिति की धर्मशाला में एक कार्यक्रम आयोजित कर समाज के लगभग 35 ऐसे बच्चों को जो आर्थिक रूप से कमजोर है तथा कक्षा 6 से 12वी तक पढ़ रहे है, को पठन सामग्री जिसमें एक बैग, 10 कॉपी तथा ज्योमेट्री बॉक्स है, का निशुल्क वितरण किया गया। यह सामग्री सभी बच्चों के माता/पिता तथा समाज के अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में वितरण किया गया। इस उपलक्ष्य में दिल्ली प्रदेश की लगभग सभी मैथिल ब्राह्मण संस्थाओं के पदाधिकारीगण तथा सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अति वरिष्ठ, वयोवृद्ध, समाजसेवी, तथा बच्चों की शिक्षा संबंधित कार्यों में विशेष रुचि रखने वाले श्रीमान डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा जी ने की। कार्यक्रम का संचालन संगठन के मुख्य संयोजक श्रीमान चेतन

शर्मा तथा संस्थापक सदस्यों में से एक श्रीमान मुकेश शर्मा जी द्वारा किया तथा अत्यंत ऊर्जावान तथा समाजसेवी श्रीमान विनोद मिश्रा जी द्वारा इस कार्यक्रम मै अपनी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्रीमान रक्षपाल शर्मा तथा श्रीमान उदयवीर शर्मा जी के द्वारा रंगारंग संगीत ने इस कार्यक्रम में उपस्थित बंधुओ को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संगठन के एक और संस्थापक सदस्य तथा अति वरिष्ठ शिवराम स्थिति मैथिल ब्राह्मण कल्याण समिति के संस्थापक श्रीमान विजय कुमार शर्मा जी ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए इस कार्यक्रम की राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल द्वारा रिकॉर्डिंग करवाई। यह रिकार्डिंग आज दोपहर 1200 बजे राष्ट्रीय चेनल पर ब्रॉडकास्ट होगी। इसका एक लिंक में शीघ्र ही इस पटल के माध्यम से आप सभी को भेजूंगा ताकि आप सभ भी इस कार्यक्रम का अवलोकन कर सकें।

अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली सीबीआई की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 14 दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद सीबीआई ने अदालत में पेश किया। विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख को जेल भेजने के अनुरोध वाली याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्यमंत्री को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को केजरीवाल को धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को निचली अदालत से जमानत मिल गई थी, जिस पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी।

खुशी वूमेन ट्रस्ट ने आयोजित किया दंत जांच शिविर

नई दिल्ली। खुशी वूमेन एंड चिल्ड्रन केयर ट्रस्ट द्वारा जीटीबी एनक्लेव पॉकेट ई में आयोजित किया गया डॉक्टर चंद्रदीप चंद्रा की टीम द्वारा 122 लोगों का दातों की जांच की गई जांच के साथ-साथ अपने दांतों की सुरक्षा कैसे की जाए। इस विषय पर डॉक्टर चंद्रदीप चंद्र द्वारा लेक्चर भी दिया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्ण नगर निगम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी कुमारी रिंकू ने किया। इस मौके पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की उपाध्याक्षा सीमा माथुर, दीपक सागर, दीपक अरोड़ा, डॉ राकेश रमन झा, ऋषि जिंदल, पंकज सागर, रघुवीर सिंह, गीता सिंह, विजय वर्मा, अभिनय यादव, सूरत पासवान, शिविर के अंदर निशुल्क ब्रश पेस्ट मास के व गर्गल करने वाली दवाइयां इस आईसीपीए कंपनी द्वारा कंपनी द्वारा 90 मरीजों को मुफ्त वितरित किया गया।

मानसून ने खोली दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के दावों की कलाई - राजा इक़बाल सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि मॉनसून की पहली बारिश ने आम आदमी पार्टी के सारे दावों की पोल खोलकर रख दी है। उन्होंने बताया कि पहली बारिश में ही दिल्ली के लगभग सभी इलाकों में जलभराव देखने को मिला और नागरिकों को आवाजाही में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने समय रहते अपने नालों से गाद निकालने का कार्य पूरा नहीं किया जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि आईटीओ, कश्मीरी गेट बस अड्डा, सीलमपुर, मिंटो रोड, राजघाट, गांधीनगर, यमुना विहार, यमुना बाज़ार, निगम बोध घाट, छतरपुर, वसंत कुंज, एम्स व अन्य क्षेत्रों में भारी जलभराव के कारण लोगों को अपने कार्यालय पहुँचने में काफ़ी परेशानी हुई। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी की मेयर ने नालों की सफ़ाई को लेकर बड़े बड़े दावे किए थे मगर आज पहली बारिश में ही उन दावों की सारी सच्चाई सामने आ गई। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के इतिहास में इस प्रकार का जल भराव निगम क्षेत्र में कभी देखने को नहीं मिला और इसकी पूरी जम्मिदारी आम आदमी पार्टी की है। जबसे आम आदमी पार्टी ने नगर निगम की सत्ता हासिल की है तब से निगम की कार्यशैली में लगातार गिरावट आ रही है। आम आदमी पार्टी सिर्फ़ बड़े बड़े दावे करना जानती है धरातल पर सारे दावे हर समय खोखले साबित होते हैं और इन्हीं खोखले दावों के कारण दिल्ली की जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मॉनसून की यह बारिश आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम की विफलता को दर्शाती है।

आतिशी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई 23 जुलाई को निर्धारित

नई दिल्ली। दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी के खिलाफ दायर मानहानि का मामला आज अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट तान्या बमनियाल की अदालत में आया। वादी कपूर अपने वकील शौमेंदु मुखर्जी के साथ अदालत में मौजूद थे, जबकि मंत्री आतिशी अपने वकील के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित हुईं और उनकी एक अन्य वकील अदालत कक्ष में उनके लिए उपस्थित हुईं। जब अदालत ने मामला उठाया तो आतिशी को अदालत से समन ना मिलने और शिकायत के कागजात न मिलने का मुद्दा सामने आया, लेकिन कपूर के वकील ने अदालत के समक्ष समन सेवा प्रमाण प्रस्तुत किया। इसके बाद अदालत के निर्देश पर कपूर के वकील ने अदालत कक्ष में उपस्थित आतिशी के वकील को शिकायत के कागजात दिए। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 23 जुलाई 2024 निर्धारित की है जब आतिशी के उपस्थित होने की उम्मीद है। अदालत की सुनवाई के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि मंत्री आतिशी ने झूठा आरोप लगाया कि बीजेपी आम आदमी पार्टी के विधायकों को उनके दल छोड़ने के लिए प्रलोभन दे रही है जिसने करोड़ों बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जिसके कारण मुझे मानहानि का मुकदमा दायर करना पड़ा। अच्छा है कि आतिशी अदालत में उपस्थित हुईं और हमें उम्मीद है कि वह 23 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगी और सौहार्दपूर्ण तरीके से मामले को सुलझाने के लिए माफी मांगेंगी। कपूर ने कहा है कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो उन्हें जमानत लेनी होगी और मामला अपने निष्कर्ष तक चलेगा।

सम्पादकीय

केजरीवाल की जमानत पर रोक

दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत देकर सभी पक्षों को चौंका दिया। केजरीवाल शराब घोटाले के आरोपित हैं और उन्हें पीएमएलए (धनशोधन निरोधक अधिनियम) की धाराओं में गिरफ्तार किया गया था। इस अधिनियम के तहत जमानत मिलना लगभग असंभव है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन लंबे अंतराल से इसी कानून की धाराओं और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत जेल में हैं। उन्होंने सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई, लेकिन कमोबेश सिसोदिया को एक बार भी जमानत नहीं दी गई। सत्येंद्र स्वास्थ्य आधार पर कुछ समय के लिए जेल से बाहर रहे, लेकिन लौट कर जेल ही जाना पड़ा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी धनशोधन की धाराओं के तहत केस बनाए गए, लिहाजा वह भी जनवरी, 2024 से जेल में ही हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं भी खारिज होती रही हैं। तेलंगाना की 'भारत राष्ट्र समिति' पार्टी की सांसद के. कविता भी शराब घोटाले के कारण जेल में हैं। केजरीवाल को विशेष अदालत ने उन्हीं दलीलों पर जमानत दी थी, जिनके आधार पर उन्हें अन्य अदालतों ने जमानत नहीं दी थी। उन्हें लगातार न्यायिक हिरासत में रखा जा रहा था। बीच में सर्वोच्च अदालत ने उन्हें चुनाव-प्रचार के लिए विशेष अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद दो जून को उन्हें जेल लौटना पड़ा था। बहरहाल केजरीवाल की जमानत आधी-अधूरी साबित हुई, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी और उच्च न्यायालय ने तब तक जमानत की प्रक्रिया पर रोक लगा दी, जब तक उसकी सुनवाई पूरी न हो जाए। अब साफ है कि केजरीवाल का जेल से बाहर आना फिलहाल रुक गया है। आम आदमी पार्टी (आप) का जश्न और भविष्य की योजनाओं पर सन्नाटा पसर गया है। दरअसल केजरीवाल का जेल में रहना 'आप' के लिए बहुत बड़ी सजा है, लिहाजा जमानत के फैसले पर पार्टीजन 'सत्यमेव जयते' के नारे लगा रहे थे। चूंकि 'आप' का राष्ट्रीय संयोजक फिलहाल जेल के बाहर आ रहा था, लिहाजा वे जश्न मना सकते थे। अब सब कुछ स्थगित हो गया है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई शुरू कर दी है। हम केजरीवाल और 'आप' के प्रवक्ता, नेताओं से सवाल करना चाहते थे कि देश में संविधान, न्यायपालिका और लोकतंत्र अभी जिंदा हैं अथवा नहीं? चुनाव के दौरान एक झूठा नेरेटिव कांग्रेस ने गढ़ा था कि यदि मोदी सरकार ही लौट कर आ गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। जाहिर है कि संविधान बदल दिया जाएगा, तो न्यायपालिका का अधिकार-क्षेत्र भी प्रभावित होगा। आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाएगा। इस झूठे नेरेटिव को केजरीवाल-समूह ने भी आगे बढ़ाया था, क्योंकि 'आप' भी 'इंडिया' विपक्षी गठबंधन का हिस्सा रही है। बेशक चुनाव भी प्रभावित हुआ। यह जनादेश से स्पष्ट है कि भाजपा को भी बहुमत नहीं मिला। वह 240 सीट पर ही सिमट गई, नतीजतन देश में गठबंधन की सरकार बनी है। जब केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे, तो क्या कहेंगे? आम चुनाव तो सम्पन्न हो चुके। 'आप' के मात्र तीन सांसद पंजाब से चुने गए हैं। केजरीवाल की दिल्ली ने 'शून्य' दिया है। केजरीवाल का जेल से बाहर आना पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फरवरी, 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं। 'आप' की सार्वजनिक छवि और भीतरी संकट बेहद गंभीर हैं। महिलाओं को 1000 रुपए माहवार देने का वायदा निभाना है, क्योंकि वह बजट की घोषणा है। चूंकि केजरीवाल के जेल में रहने से कैबिनेट की बैठक लंबे समय से नहीं हो पाई, नतीजतन परियोजनाओं को स्वीकृति लटक रही है। दिल्ली में पानी का जो गंभीर संकट फैला हुआ है, उसके लिए भी केजरीवाल के हस्तक्षेप की जरूरत है। हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में भी केजरीवाल चुनाव लडने की योजना बना रहे हैं, लेकिन अब क्या किया जाए? बहरहाल, उच्च न्यायालय के आदेश की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

दिनेश शर्मा

दोषारोपण के बजाए जिम्मेदाराना रवैया अपनाना होगा

पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से मालगाड़ी के टक्कर मार देने की घटना वाकई तकलीफदेह है। इस हादसे में रेलवे के अनुसार नौ लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं।हालांकि अंदाजा है कि जितनी मौतें बताई जा रही हैं, इससे कहीं ज्यादा लोग मारे गए हैं। हादसे में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। तीन बोगियां पटरी से ही उतर गई और कई हवा में लहरा गई। यह टक्कर बहुत जोरदार थी। कहा जा रहा है कि ऑटोमैटिक सिग्नल खराब होने के कारण कंचनजंगा एक्सप्रेस दो स्टेशनों के बीच रुकी रही।रेलवे का कहना है कि मालगाड़ी का चालक तय मानक गति से ज्यादा स्पीड पर ट्रेन चला रहा था। उसने सिग्नल की अनदेखी की, जबकि नियमानुसार उसे खराब सिग्नलों को तेजी से नहीं पार करना था। साथ ही हर खराब सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन को रोका जाना चाहिए और दस किलोमीटर की रफ्तार से ही आगे बढना चाहिए। हालांकि उस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस पर रेल संगठन द्वारा आपत्ति भी जताई गई कि जांच के बगैर चालक को हादसे का जिम्मेदार ठहराना अनुचित है।हादसे के बाद रेलवे द्वारा तैयार ट्रेन से जुड़े हादसों को रोकने के लिए कवच सिस्टम की याद आई है, जिससे एक ही ट्रैक पर ट्रेनों की टक्कर से बचा जा सकता है।

झज्जर में तेज बारिश, गर्मी से बेहाल लोगों को मिली राहत ; किसानों ने फसलों के लिए बताई संजीवनी

झज्जर । पिछले चार दिनों से गर्मी झेल रहे झज्जर के लोगों को शनिवार दोपहर को बरसात से राहत मिली । शनिवार दोपहर तीज बजे तेज बरसात शुरू हुई, जो रुक-रुक कर जारी हैं। बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली हैं और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई हैं । मौसम विभाग ने अब अगले दो-तीन दिन तक बरसात की संभावना जताई हैं । आज अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया हैं। पिछले कई दिन से लोग एक बार फिर उमस और गर्मी से परेशान हो रहे थे । शुक्रवार सुबह भी हल्की बूंदाबन्दी हुई थी, लेकिन उसके बाद गर्मी और उमस बढ़ गई थी । रात को भी उसमे से लोग परेशान नजर आए । शुक्रवार रात से ठंडी हवाएं चल रही थी, लेकिन बरसात नहीं हो रही थी। शनिवार सुबह से आसमान में बादलवाही छाई हुई थी, लेकिन बरसात दोपहर को हुई । दोपहर दो पूरा आसमान काले बादलों से ढक गया । दिन में बात जैसा नजारा हो गया । दोपहर तीन बजे तेज बरसात हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली ।

धान की बुवाई में आएगी तेजी

किसान धान की बुवाई कर रहे हैं और धान को पानी की जरूरत थी । आज हुई बरसात से किसानों की फ़सल को पानी मिलेगा, जिससे किसानों को भी राहत मिलेगी ।

गंगा में डूबा हरियाणा का युवक, अपने छह दोस्तों के साथ आया था घूमने

ऋषिकेश। हरियाणा से दोस्तों के साथ घूमने आया युवक गंगा में डूब गया। रामझूला नाव घाट के पास की ही घटना है। एसडीआरएफ की टीम गंगा नदी में सर्च अभियान चला रही है। घटनास्थल से बैराज तक अभियान चलाया जा रहा है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति का नाम, नरेश (35) पुत्र बलदेव सिंह उम्र निवासी ग्राम करौंदा कलां थाना नरवाना, जिला जींद हरियाणा निवासी है। परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।

जींद में आढ़ती की दुकान पर मिला अवैध यूरिया

जींद । जींद की अलेवा मंडी में आढ़ती की दुकान पर कृषि विभाग की टीम ने छापा मार कर यूरिया खाद का अनधिकृत स्टॉक पकड़ा है। ट्रेडिंग कंपनी के मालिक के खिलाफ आवश्यक वस्तु भंडारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर खाद के सैंपल भरे गए हैं। छानबीन जारी है। कृषि विभाग के क्यूसीआई नरेंद्रपाल ने बताया कि विभाग द्वारा उन्हें खाद निरीक्षक की शक्तियां प्राप्त हैं। गुरुवार को उन्होंने एसडीएओ बलजीत सिंह, टीआई बालमुकुंद कौशिक के साथ अलेवा मंडी का औचक निरीक्षण किया। मंडी में दुकान नंबर 64 भगवती ट्रेडिंग कंपनी की दुकान पर यूरिया के बैग रखे हुए थे। उन्होंने इसकी जांच की तो 94 बैग यूरिया पाया गया। चंबल फर्टिलाइजर एंड कैमिकल्स गडेपान कोटा राजस्थान निर्माता कंपनी का यूरिया का अनधिकृत स्टाक पाया गया। इस पर भगवती ट्रेडिंग के प्रोपराइटर सुनील से 94 बैग यूरिया संबंधी लाइसेंस व बिल तथा दूसरे दस्तावेज मांग गए तो उन्हें दिखाने में नाकाम रहा। यूरिया का इस तरह से भंडारण करना खाद्य कंट्रोल अधिनियम के तहत कानूनी अपराध है। इसके बाद यूरिया खाद को कब्जे में लेकर भगवती ट्रेडिंग कंपनी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। साथ ही बरामद किए गए खाद के सैंपल भी भरे गए। सैंपलों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। इसकी भी जांच की जाएगी कि यूरिया असली खाद है या नकली है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

2 लाख रुपए मूल्य के मोबाइल फोन कैथल पुलिस ने किए ट्रेस

कैथल। कैथल पुलिस द्वारा चलाई जा रही एक स्पेशल मुहिम के तहत साइबर सैल कैथल पुलिस द्वारा 12 व्यक्तियों के गुमशुदा महंगे मोबाइल फोन ट्रेस आउट करके बरामद कर लिए गये। जिन्हें शुक्रवार की सुबह डीएसपी हेडक्वार्टर उमेद सिंह द्वारा कार्यालय में उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। बरामद किए गए सभी 12 मोबाइल फोन करीब 2 लाख रुपए से ज्यादा मूल्य के आंके गए है। अपने गुम हो चुके मोबाइल फोन के मिलने की उम्मीद गंवा चुके उक्त लोगों की प्रसन्नता देखते ही बनती थी, जो कैथल पुलिस का धन्यवाद करते थक नहीं रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेश की अनुपालना करते हुए साईबर सेल इंचार्ज एएसआई सतबीर सिंह की अगुवाई में साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन के मामलों की जांच के दौरान हरियाणा के विभिन्न अलग-अलग स्थानों से उन व्यक्तियों को ट्रेस किया गया, जो उक्त गुमशुदा फोन को लावारिश हालात में मिलने उपरांत यूज कर रहे थे। जिनके कब्जे से नियमानुसार कार्रवाई अंतर्गत पुलिस द्वारा 12 मोबाइल फोन जब्त कर लिए गये थे। डीएसपी उमेद सिंह ने कहा की किसी व्यक्ति के फोन गुम होने की शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा गुमशुदा फोन को ढूंढने का हर संभव प्रयास किया जाता है।

अनजान व्यक्ति से बैंक खाता संबंधी निजी जानकारी व ओटीपी न करे सांझा :एसपी

रोहतक। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति पुलिस अधिकारी, ई.डी या सी.बी.आई. अधिकारी बनकर ऑनलाइन माध्यम से रुपयो की मांग करता है तो सावधान हो जाये क्योकि ऐसा करने पर आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते है। कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से रुपयो की मांग नही करता और यदि कोई ऐसा कर रहा है तो निश्चित तौर पर वह साइबर अपराधी है जो आपको साइबर फ्रॉड का शिकार बनाना चाहता है। वर्तमान मे साइबर अपराधियो द्वारा अलग-अलग प्रकार के तरीके अपनाते हुये लोगो को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसे मे जरुरी है कि आमजन सावधान रहे और अनजान व्यक्ति की बातो मे आकर रुपयो की ट्रांसफर ना करे। यदि आमजन साइबर ठगी का शिकार हो जाये तो तुरंत हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर संपर्क करे ताकि साइबर फ्रॉड की राशि को तुंरत फ्रीज किया जा सके। साइबर ठगो द्वारा पीडित के पास फोन कर डराया धमकाया जाता है व फोन कॉल को सी.बी.आई अधिकारी को ट्रांसफर करने की बात कही जाती है। साइबर ठग सी.बी.आई अधिकारी बनकर फर्जी अरैस्ट वारंट जारी कर पीडित को डराते व धमकाते है। पीडित युवक फर्जी अरैस्ट वारंट देखकर घबरा जाता है व उनके कहे अनुसार खाते मे रुपये ट्रांसफर कर साइबर ठगी का शिकार हो जाता है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 30 जून को जिला स्तर पर आयोजित किया जायेगा कार्यक्रम

- कार्यक्रम में नए सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स को वितरित किये जायेंगे सर्टिफिकेट

- कार्यक्रम के आयोजन बारे उपायुक्त अजय कुमार ने ली बैठक

- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रोहतक। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 30 जून को राज्य व जिला स्तर पर पात्र लाभार्थियों को वित्तीय अनुदान सर्टिफिकेट कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रोहतक में यह कार्यक्रम जिला विकास भवन के डीआरडीए हॉल में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिला के सभी नए सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स जैसे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विकलांगता पेंशन, विधवा पेंशन, विधुर एवं अविवाहित युवाओं को वित्तीय अनुदान तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत घर की मरम्मत के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले पात्र लाभार्थियों को सर्टिफिकेट दिया जायेगा।

इस संदर्भ में राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पानीपत में आयोजित किया जायेगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। इसके साथ-साथ रोहतक सहित सभी अन्य जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा सर्टिफिकेट दिए जायेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों बारे उपायुक्त अजय कुमार ने आज कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि रोहतक में यह कार्यक्रम स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिला के सभी सामाजिक योजनाओं के 500 से अधिक लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा सर्टिफिकेट वितरित किये जायेंगे। इस संदर्भ में जिला समाज कल्याण विभाग व कल्याण विभाग लाभार्थियों से संपर्क करके उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी होंगे।

अजय कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में एलईडी व वेब लिंक के माध्यम से पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे। इस संदर्भ में उपायुक्त ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडल अधिकारी आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, डीआईओ डॉ. जितेंद्र मलिक, डीडीपीओ राजपाल चहल, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया तथा जिला समाज कल्याण विभाग के उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

यूआईडीएआई ने बढ़ाई फ्री में आधार अपडेट करने की डेडलाइन, 14 सितंबर तक नि : शुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड

सोनीपत, । उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। नागरिक स्वयं भी www.uidai.gov.in वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है। उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी।

हरियाणा में भाजपा का महामंथन: नायब सैनी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी भाजपा, शाह के नेतृत्व में बनी रणनीति

चंडीगढ़। हरियाणा में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की कवायद में जुटी भाजपा की आज पंचकूला में अहम बैठक हो रही है। सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धमेंद्र प्रधान, सहप्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए हैं।

यह बैठक दो सत्र में हो रही है। पहले सत्र की बैठक को सीएम व प्रभारी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारियों को संबोधित किया गया। पहले सत्र में तय हुआ कि भाजपा अगला चुनाव सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ेगी। अमित शाह बोले कि भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। दूसरा सत्र समाप्त हो चुका है। अब शाह जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी ने बताया, शाह की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव को लेकर एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जो मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। उस मार्गदर्शन को हरियाणा में अक्षरांश धरातल पर उतरेंगे। बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी कार्यों पर भी चर्चा की जाएगी। पूरे दिन चलने वाली बैठक में 45 सौ से ज्यादा पदाधिकारी व कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। भाजपा ने अस्थायी चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की है।

जींद में सरकारी कर्मचारियों ने निकाला आंक्रोश मार्च

रोहतक। पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा जींद में प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके बाद सफीदों रोड की बैरागी धर्मशाला से शहीदी स्मारक तक आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान कर्मचारियों की भारी भीड़ उमड़ी और सड़क पर जाम की स्थिति बन गई।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विजेंद्र धारीवाल ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी पिछले कई वर्षों से ओपीएस बहाली की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर पेंशन बहाली संघर्ष समिति प्रदेश में कई बड़े आंदोलन कर चुकी है, जिसके दबाव में हरियाणा सरकार द्वारा 20 फरवरी 2024 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाईपावर कमेटी का गठन भी किया गया। उसके बावजूद अभी तक सरकार ओपीएस बहाली के लिए कोई फैसला नहीं ले सकी, जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। मंच का संचालन कर रहे राज्य महासचिव ऋषि नैन ने कहा कि संघर्ष समिति पिछले सात सालों से ओपीएस बहाली की मांग कर रही है, उसके बावजूद सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए संघर्ष समिति अब सभी जिलों में काले कपड़े पहन कर पेंशन आक्रोश मार्च निकालेगी। जींद जिला प्रधान जोगिंद्र लोहान और राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर ने बताया कि

लोकसभा चुनाव से पहले भी संघर्ष समिति जींद में बड़ी रैली कर सरकार को चेता चुकी है कि जल्द से जल्द ओपीएस बहाल करे नहीं तो संघर्ष समिति द्वारा वोट फोर ओपीएस की मुहिम चलाई जाएगी। अगर सरकार अब भी ओपीएस बहाली को लेकर सकारात्मक कदम नहीं उठाती तो उनकी वोट फोर ओपीएस मुहिम जारी रहेगी। अनूप लाठर ने कहा कि 25 जून को संघर्ष समिति ने सभी मंत्रियों और मुख्यमंत्री को ओपीएस बहाली के लिए ज्ञापन दिया था लेकिन कैबिनेट मीटिंग में सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाने संघर्ष समिति ने आंदोलन को तेज कर दिया है, जिसकी शुरुआत आज जींद से की गई। अब सभी जिलों में आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। एक सितंबर को पंचकूला में रैली कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। राजबाला कौशिक ने कहा कि पेंशन आक्रोश मार्च में जींद जिले के सभी कर्मचारी संगठन शामिल हुए।

कृषि मंत्री ने यमुनानगर में सुनी लोगों की समस्याएं

यमुनानगर । हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी आम जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करें। वे शुक्रवार को यमुनानगर जिला में हाइडल कॉलोनी भूडक़लां खंड प्रताप नगर व पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह छछरौली में समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और उनमे से कई का मौके पर ही समाधान किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को इस समाधान शिविर में गीता राम सरपंच चुहरपुर कलां ने नाले की निशानदेही करवाने, राकेश देवधर ने मुख्य मंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ दिलवाने, कुटीपुर निवासी कमला ने मकान मुरम्मत की किश्त दिलवाने,शिव कॉलोनी छछरौली निवासी कमलेश, तरुण, निर्मल,अनीता ने कमलेश के घर से निर्मल कौर के घर तक गली निर्माण, मानीपुर ग्राम पंचायत ने स्कूल की चारदिवारी, स्कूल से लेकर हनीफ के घर से फिरनी व नाले का निर्माण, रामपुर खादर के सरपंच ने श्मशान घाट का रास्ता, कांसली निवासी गुलामदिन ने मकान की मरम्मत की क़िस्त, छछरौली निवासियों ने कस्बा में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने की समस्याएं रखी। जब गांव संखेड़ा निवासी ओमकार ने मेरी फ़सल मेरा ब्यौरा स्कीम के तहत उसकी जमीन का पंजीकरण किसी अन्य व्यक्ति के नाम किये जाने की शिकायत मंत्री को दी तो उन्होंने दोषी के विरुद्ध संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कंवर पाल ने बताया कि इन शिविर में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन,सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।

रोहतक में 10-15 जुलाई तक अग्निवीर भर्ती रैली

रोहतक। रोहतक के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में 10 से 15 जुलाई तक अग्निवीर एवं नियमित वर्ग के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती में सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ,अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर कार्यालय सहायक एवं स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास तथा अग्निवीर जनरल ड्यूटी के पदों पर भर्ती की जाएगी। स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक दीपक कटारिया ने बताया कि भर्ती रैली के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए रैली नोटिफिकेशन में उल्लेखित दस्तावेजों के अलावा एडमिट कार्ड एवं आधार कार्ड अनिवार्य है। सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर भर्ती रैली के लिए चयनित अभ्यर्थी सेना की वेबसाइट से अपने यूजर नेम व पासवर्ड की सहायता से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लें। यदि किसी अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई परेशानी आती है तो वह 9 जुलाई तक स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

रोहतक में नई नवेली दुल्हन व बिचौलियों पर केस

रोहतक। रोहतक में नई नवेली दुल्हान व बिचौलियों पर धोखाधड़ी से शादी का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर नई नवेली दुल्हन व बिचौलियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जिन्होंने धार्मिक संस्था के नाम पर 1.70 लाख रुपए लिए और शादी करवाई। वहीं दुल्हन ने सुहागरात के दिन गहने व पैसे की डिमांड की। नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। रोहतक के गांव इंद्रगढ़ निवासी अशोक कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी। शिकायत में बताया कि रामनिवास व पूनम नामक महिला ने उसे शादी का झांसा दिया। उन्होंने कहा कि जिस लड़की से शादी करनी है, वह बेसहारा व गरीब परिवार की है। आरोपियों ने बताया कि वे धार्मिक संस्था से जुड़े हुए हैं और गरीब बेसहारा लड़ियों की शादी करवाते हैं। दोनों ने शादी के नाम पर 1 लाख 70 हजार रुपए की मांग की। साथ ही कहा कि यह पैसे संस्था में जमा करवाने होते हैं। इसके बाद अशोक ने कहे अनुसार पैसे जमा करवा दिए। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों के कहे अनुसार उसने 20 मई को कोर्ट मैरिज की। इसके बाद वह अपनी पत्नी गगनदीप को लेकर घर आ गया। शादी के अगले दिन उसकी पत्नी ने कहा कि वह पहले से ही शादीशुदा है। साथ ही बताया कि उनका एक गिरोह है, जो झूठी धार्मिक संस्था के नाम पर लोगों को झूठी शादी करके व षड्यंत्र करके ठगने का काम करता है। साथ ही उसने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और झूमके, सोने की अंगूठी, सोने की बाली, एक लाख रुपए व 15 हजार रुपए पर्स में डालने के लिए मांगे। अशोक कुमार ने कहा कि उसकी पत्नी ने झूठे केस में फंसवाने की धमकी दी। साथ ही पैसे व गहने नहीं देने पर आत्महत्या की धमकी दी। इसके बारे में आरोपी रामनिवास व पूनम को भी बताए, लेकिन उन्होंने उल्टा डांट मारना व झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। जिसके आधार पर लाखनमाजरा थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने गगनदीप, रामनिवास व पूनम सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

कर्मचारियों को लेकर दुविधा में सैनी सरकार, कार्रवाई और राहत के फैसले अटके; कैबिनेट बैठक से थी उम्मीद

चंडीगढ़। लोकसभा चुनावों के परिणामों के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा चुकी हरियाणा सरकार अब कर्मचारियों से संबंधित फैसले लेने में पेशोपेश में हैं। चेतावनी दिए जाने के बावजूद हरियाणा सरकार ने न तो उन अधिकारियों और कर्मचारियों की कोई सूची जारी की जिन्होंने विपक्ष बोगस वोटिंग में मदद की और न ही ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई कर सकी। इसके अल्ट, कर्मचारियों की नाराजगी को देख पक्के और कच्चे कर्मचारियों को सरकार से राहत के फैसलों की आस है, लेकिन इस प्रकार के फैसले लेने में भी सरकार झिझक रही है।

इसका ताजा उदाहरण वीरवार को हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक है। संभावना जताई जा रही थी कि बैठक में पक्के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 58 साल से बढ़ाकर 60 साल की जा सकती है। इनके अलावा, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने को लेकर भी अटकलें थी। लेकिन बैठक में न तो ऐसा कोई एजेंडा लाया गया और न ही बैठक में इन मदुद्दों पर कोई चर्चा हुई। कर्मचारियों से संबंधित कोई फैसला नहीं लिए जाने से एक बार फिर कर्मचारियों की आस टूट गई है और उनकी नाराजगी बढ़ गई है। हालांकि, कर्मचारियों की आस नहीं टूटी है और कर्मचारी संगठन लगातार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से मुलाकात कर रहे हैं।

बता दें कि हरियाणा में 2.70 लाख पक्के कर्मचारी हैं और 1.30 लाख कच्चे कर्मचारी हैं, इनको हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत समायोजित किया गया है। इनके अलावा, 12500 अतिथि अध्यापक हैं और डीसी और एडहाक रेट पर भी करीब 7 हजार कर्मचारी तैनात हैं। पहले सरकार की योजना था कि एडहाक और डीसी रेट पर तैनात कर्मचारियों को पक्का किया जाए, लेकिन अब बताया जा रहा है कि अतिथि अध्यापकों की तर्ज पर इनको समान वेतन और 58 साल तक सेवारत रहने के नियम बनाए जा रहे हैं, लेकिन इनको पक्का नहीं किया जाएगा। हालांकि, अंतिम फैसला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लेना है।

सीएमओ में दो प्रकार की राय

सूत्रों का दावा है कि सीएमओ में कर्मचारियों को लेकर दो प्रकार की राय है। एक राय ये है कि कर्मचारियों पर अगर कार्रवाई की गई तो यह बड़ा मुद्दा बनेगा और इससे विधानसभा चुनावों में सरकार और अधिक नाराजगी झेलनी पड़ेगी। इसलिए कर्मचारियों को मनाने के लिए उनको राहतें दी जाएं, ताकि उनकी नाराजगी दूर हो सके। दूसरी राय है कि कर्मचारियों ने लोकसभा चुनावों में खुलकर भाजपा की मुखालफत की है, इसलिए एकदम से राहत देकर सरकार कर्मचारियों के दबाव में कोई फैसला नहीं लेना चाहती। सरकार चाहती है कि फैसले से पहले कर्मचारी संगठनों से बैठक हों और इसके लिए सरकार से मांग रखें। लेकिन एक आशंका है कि ये भी है कि तमाम राहतें देने के बाद भी कर्मचारी भाजपा के साथ नहीं आएंगे। इसलिए तमाम पहलूओं को देखने के बाद ही सरकार कर्मचारियों को लेकर फैसला लेगी।

आउटसोर्स पालिसी 2 के कर्मचारियों ने की सीएम से मुलाकात

आउटसोर्स 2 पालिसी के तहत लगे कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की और पक्का करने की मांग की। कर्मचारी सोसाइटी के प्रधान राम रतन, महासचिव योगेश चंद्र ने कहा कि पिछले तीन साल उनके मानदेय में भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। इनके अलावा, न तो उनकी जॉब सिक्योरिटी है और न ही महंगाई भत्ता आदि मिल रहा है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। इसके बाद कर्मचारियों ने सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से भी मुलाकात कर नियमित करने की पालिसी लाने की मांग की।

झज्जर पहुंचे आम आदमी पार्टी प्रदेश संगठन मंत्री अश्वनी दुल्हेड़ा

रोहतक। झज्जर शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय में पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अश्विनी दुल्हेड़ा पहुंचेद्य पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर प्रदेश संगठन मंत्री अश्विनी दुल्हेड़ा का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया द्य आम आदमी पार्टी के नेता अश्वनी दुल्हेड़ा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हरियाणा की 90 विधानसभाओं में अब बदलेगा हरियाणा का हाल, हरियाणा में भी होंगे केजरीवाल इस नारे तहत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हर घर में जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। साथ ही पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के मैदान में पूरी मजबूती के साथ कूद पड़े हैं। पार्टी के कार्यकर्ता 24 में से 18 घंटे काम करके प्रदेश में आप को मजबूत करने का काम करेंगे। हरियाणा के लोग भी चाहते हैं कि हरियाणा में भी अरविंद केजरीवाल हो और निश्चित रूप से हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि आप एकमात्र विकल्प है और आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ते हुए हरियाणा में सरकार बनाएगी। इस मौके पर पार्टी के तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारी ईमानदारी से करें ड्यूटी का निर्वहन : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें तथा जनता के प्रति जवाबदेह बनकर कार्य करें। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाये ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े। सरकार द्वारा रोहतक शहर में पेयजल भंडारण की क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। नायब सिंह स्थानीय सर्किट हाऊस में जिला के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी आम जनता के कार्य को गंभीरता से लें। सरकार द्वारा किसी भी कोताही को सहन नहीं किया जायेगा। सभी अधिकारी जनता से अच्छा व्यवहार करने के साथ-साथ लोगों को सुविधा प्रदान करें। उन्होंने गत दिनों जिला में पेयजल आपूर्ति तथा बिजली आपूर्ति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि गत दिनों करंट की चपेट से एएलएम की मौत की जांच की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। गौरतलब है कि स्थानीय सुखपुरा चौक स्थित पावर हाउस के निकट करंट की चपेट में आने से सहायक लाइनमैन अक्षय की झुलसने के कारण मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने समाधान शिविरों की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय को दुरुस्त करने के लिए अहम निर्णय लिया है, जिसके तहत प्रार्थी द्वारा वार्षिक आय से संबंधित स्वयं घोषणा पत्र दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का संबंधित विभागों द्वारा यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाये। अधिकारी सरकार की योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर लागू करें ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान में यदि किसी प्रकार का कोई मुद्दा है तो सरकार को अवगत करवाया जाए ताकि उचित कदम उठाये जा सके। नायब सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम के दृष्टिगत सभी नालों की यथाशीघ्र सफाई सुनिश्चित करवाई जाये ताकि बारिश के दौरान शहर में जलभराव न हो। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे बिजली आपूर्ति को भी दुरुस्त रखें ताकि जलभराव की स्थिति में जल निकासी का कार्य बाधित न हो। लोगों को पर्याप्त पेयजल तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

रोहतक मंडल के सभी जिलों में बाढ़ बचाव कार्य पूर्ण :- मंडलायुक्त संजीव वर्मा

रोहतक मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह का अभिवादन करते हुए कहा कि उन्होंने मंडल स्तर की समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को सरकार के दिशा-निर्देश बारे अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ बचाव प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई है तथा रोहतक मंडल के सभी जिलों में बाढ़ बचाव के सभी प्रबंध कर लिये गए है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटाने के निर्देश भी दिए गए है। परिवार पहचान पत्र के संदर्भ में सरकार की नई हिदायतों पर अमल किया जायेगा।

चंडीगढ़ में पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला की प्रेसवार्ता: बोले- कांग्रेस का करेंगे समर्थन, भाजपा के साथ हुआ नुकसान

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेता व हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने वीरवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस वार्ता में उन्होंने आगामी लोकसभा व राज्यसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गठबंधन (भाजपा-जजपा) से हमें नुकसान हुआ है। किसान आंदोलन का जो गुस्सा है, वह जनता ने निकाला है। गेहूं के साथ घुन भी पीसता है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट कि आने वाले समय मे भाजपा के साथ गठबंधन नहीं होगा। भविष्य में किसके साथ गठबंधन होगा यह अभी नहीं कह सकता।

जिला स्तरीय बैठकें आगामी पांच जुलाई से शुरू होगी। इसमें लोकसभा चुनाव की फीडबैक और विधानसभा चुनाव पर भी मंथन किया जाएगा। डॉ. अजय चौटाला प्रत्येक जिले में जाकर बैठके करेगें। लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी हराओ और जिताओ ही मुद्दा रहा, लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजे बिल्कुल अलग होंगे। यह बात तो है कि एक दल संविधान को बचाने की बात करेगा, दूसरा दल मोदी को जीताने की बात करेंगे। लेकिन, इन दोनों दलों ने जनता को लूटने का काम किया।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में विपक्ष का सबसे बड़ा दल कांग्रेस है। विपक्षी दल का यह कहना की छोटे दल अपने नुमाइंदा राज्यसभा चुनाव में लेकर आए। अगर कांग्रेस राज्यसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार लेकर आती है तो हम कांग्रेस का समर्थन करेंगे। यदि किसी ऐसे खिलाड़ी को राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार कांग्रेस बनाती है, जिसने देश और प्रदेश में नाम रोशन किया हो, तो हम कांग्रेस का समर्थन करेंगे। लेकिन, विपक्ष का यह कहना कि हमारे पास नंबर नहीं है यह सही नहीं है। आप उम्मीदवार तो मैदान में उतारो फिर देखा जाएगा।

हमारे पास 100 दिन, मजबूती से करेंगे काम

मुख्यमंत्री नायब सैनी गृह मंत्रालय संभाल रहे हैं तो अच्छे से संभाले प्रदेश में लगातार कानून व्यवस्था गिरती जा रही है। इससे तो अनिल विज ही अच्छे थे। नेताप्रतिपक्ष भूपेंदर हुड्डा की मैच फिक्सिंग आज की नहीं है। अगर कांग्रेस और बीजेपी की मिलीभगत न होती तो यूपी, पंजाब और हरियाणा के नतीजे यह नहीं होते। हमारे पास 100 दिन बाकी हैं, सभी कार्यकर्ता मैदान में उतरेंगे और मजबूती के साथ सरकार बनाने का काम करेंगे।

दोनों जेजेपी विधायकों पर की जाए कार्रवाई

राहुल गांधी को नेताप्रतिपक्ष बनने पर शुभकामनाएं, यह तो देश देखेगा कि वह नेताप्रतिपक्ष बनने पर कामयाब होंगे या नहीं। आज प्रदेश सरकार अल्पमत में है। भाजपा का सारा नंबर मिलाकर भी 43 होता है। ऐसे में राज्यपाल से गुजारिश

है कि वह राष्ट्रपति शासन लगाए। आज स्पीकर से समय लेकर उनसे मिलेंगे और दोनों जेजेपी विधायकों के विरुद्ध एन्टी पार्टी एक्टिविटी के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। मैं हैरान हूं कि आजतक स्पीकर ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। एन्टी डिफेक्शन लॉ के तहत राम निवास सुरजाखेड़ा और जोगी राम सिहाग की विधायक की सदस्यता रद्द की जाए। चौधरी बीरेंदर सिंह को टिकट मिले न मिले मैं वही खड़ा हूं।

कृषि मंत्री कल जनता दरबार में करेंगे समस्याओं का समाधान

यमुनानगर। हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल 28 जून दिन शुक्रवार को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रात- 9 बजे प्रतापनगर भुडकलां रैस्ट हाउस, 12 बजे रैस्ट हाउस छछरौली व शाम 5 बजे सैक्टर-17 हुडडा भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में जनता दरबार आयोजित कर जनता के रूबरू होंगे।सभी विभागों के अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि हमें आपसी मनमुटाव एवं राजनीति से हटकर लोगों की भलाई व जनहित में होने वाले विकास कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। विकास कार्य जितने अधिक होंगे, उतना ही लाभ आमजन को मिलेगा। उनका उद्देश्य भी यही है और रहेगा कि अधिक से अधिक विकास कार्य हो और आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके और प्रदेश में होने वाले विकास कार्यों में जनता सरकार को सहयोग दें। जनता ने

मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है इसलिए मेरी भी जिम्मेवारी बनती है कि मैं जनता के सुख-दुख में भागीदार बनू और अधिक से अधिक विकास कार्य करवा सकूं। गौरतलब है कि हर सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को कृषि मंत्री कंवरपाल के जगाधरी कार्यालय पर लगने वाला जनता दरबार प्रदेश भर में प्रचलित है। जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में लोग उम्मीद के साथ अपनी फरियाद लेकर उनके पास पहुंचते हैं। जनता दरबार में कृषि मंत्री मौके पर ही लोगों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिशा-निर्देश देते हैं। उनकी यहीं प्राथमिकता रही है कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करवा सकें।

नेशनल हाइवे और केएमपी की सडक़ दुर्घटना को रोकने के व्यवस्थाओं को तुरंत पूरा करें संबंधित सडक़ एजेंसी: डॉ. मनोज कुमार

-बरसात के समय किसी भी सडक़ पर खड़ा न हो पानी, अन्यथा संबंधित एजेंसी के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

-नेशनल हाइवे और केएमपी-केजीपी पर बने अवैध कटों को तुरंत करवाएं बंद

-हिट-एंड-रन दुर्घटना में मृत्यु होने पर संबंधित एसडीएम पीड़ित परिवार को दिलवाएं 02 लाख रूपये का मुआवजा

-पुलिस विभाग जिला में यातायात नियमों की सख्ती से करवाएं पालना, नियमों की पालना न करने वालों के काटे चालान

- उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने जिला सडक़ सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक में गंभीरता से समीक्षा करते हुए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

सोनीपत। उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने सडक़ निर्माण करने वाली सभी एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम पूरे करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में नेशनल हाइवे, केएमपी-केजीपी व अन्य सडक़ों में जहां भी सडक़ दुर्घटना में किसी की मृत्यु होती है तो उसक स्थान को चिन्हित कर वहां पर सडक़ दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाकर सभी व्यवस्थाओं का तुरंत पूरा करवाएं ताकि वहां भविष्य में कोई सडक़ दुर्घटना न हो सके। इसके अलावा वे अपने सभी सडक़ों की भी जांच करें कि वहां पर कोई ऐसी कमी नहीं है जो सडक़ दुर्घटना का कारण बन सकती है तो उसे तुरंत दूर करवाएं।

उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित जिला सडक़ सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए रोड़ निर्माण करने वाली एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी सडक़ में बरसात के समय कहीं भी पानी नहीं खड़ा होना चाहिए इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने सभी रोड़ के साथ बने नालों की जांच कर ले अगर कहीं कोई भी मरम्मत की जरूरत है तो उसे अभी पूरा करवाएं। ताकि लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी अगर किसी सडक़ पर पानी खड़ा मिला तो संबंधित सडक़ एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे और केएमपी-केजीपी पर जगह-जगह अवैध कट बनाएं गए हैं, जो काफी बार सडक़ दुर्घटना का कारण बनते है इसलिए सभी एजेंसियां इन अवैध कटों को तुरंत बंद करवाएं। उन्होंने कहा कि जिला में जिस भी सडक़ की मरम्मत या निर्माण का कार्य किया जा रहा उसे बरसात से पहले पूरा करवाना सुनिश्चित करें अगर इस कार्य में किसी प्रकार की परेशानी आ रही है तो संबंधित अधिकारी उनसे बात कर इस समस्या का समाधान करवाएं। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी सडक़ एजेंसिया जिला में पांच-पांच किलोमीटर का मॉडल रोड़ भी बनवाएं।

उपायुक्त ने कहा कि हिट-एंड-रन दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को हिट-एंड-रन दुर्घटना मुआवजा स्कीम-2022 के तहत दो लाख रूपये का मुआवजा दिया जाता है। इसलिए सभी संबंधित एसडीएम हिट-एंड-रन दुर्घटना में मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को यह मुआवजा राशि दिलवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए पीड़ित परिवार को जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है उसकी पोस्टमार्टम रिर्पाट संबंधित एसडीएम कार्यालय में जमा करवानी होगी। इसके अलावा उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में यातायात के नियमों का पालना सुनिश्चित करवाने के लिए नियमों का पालन ने करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके चालान काटें। उन्होंने कहा कि खासकर देखने में आया है कि नेशनल हाइवे पर ओवर स्पीड के कारण काफी दुर्घटनाएं हो रही है तो

पुलिस विभाग सभी नेशनल हाइवो पर अपनी गश्त टीम लगाकर ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि संबंधित सभी एसडीएम जिला में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों की पालना करवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने आरटीए को निर्देश दिए कि अगले एक सप्ताह में जींद-सोनीपत हाइवे पर बनने वाले ट्रैफिक पार्क की पेमाईस करवाना सुनिश्चित करें ताकि इसके निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। इसके अलावा शहर में मुरथल चौंक, बहालगढ़ चौंक आदि की पेमाईस करवाने के लिए उपायुक्त ने डीआरओ को निर्देश दिए। उन्होंने खरखौदा एसडीएम को निर्देश दिए कि खरखौदा में जल भराव को लेकर आ रही समस्या को दूर करने के लिए पुख्ता इंतजाम करें ताकि वहां लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए।

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग, डीआरओ हरिओम अत्री तथा डीडीपीओ जितेन्द्र सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

क्राइम डायरी

" International Day against Drug Abuse and Illicit Trafficking"

के अवसर पर 'नशा मुक्त भारत पखवाडा' के अंतर्गत जागरुकता अभियान में फरीदाबाद पुलिस हरियाणा में दुसरे स्थान पर

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। फरीदाबाद- बता दे कि 26 जून " International Day against Drug Abuse and Illicit Trafficking" घोषित है जिस पर भारत सरकार द्वारा दिनांक 12 से 26 जून तक ÷ नशा मुक्त भारत पखवाडा÷ के अंतर्गत नशा पर प्रहार करने तथा आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरुक करने के लिए एक विषेश अभियान चलाने बारे निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस द्वारा जिला फरीदाबाद के आमजन को नशे के प्रति जागरुक करने तथा नशा तस्करों पर प्रहार करने के लिए विशेष अभियान चलाकर सराहनीय कार्य किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि" International Day against Drug Abuse and Illicit Trafficking" के अवसर पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 12 से 26 जून तक ÷ नशा मुक्त भारत पखवाडा÷ के अंतर्गत नशा पर प्रहार करने तथा आमजन को नशे के दुष्परिणा के प्रति जागरुक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में फरीदाबाद पुलिस द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर हरियाणा में दुसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अभियान के दौरान फरीदाबाद पुलिस द्वारा नुक्कड नाटक, जागरुकता रैली, नुक्कड सभा आदि का आयोजन करके 335 जागरुक कार्यक्रम किए गए तथा इन कार्यक्रमों में 42 हजार से अधिक लोगो को जागरुक किया। इसके साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लैटफॉर्म के माध्यम से भी लाखो की संख्या में लोगो को नशे के दुष्परिणाम के बारे जागरुक किया गया है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा इसी क्रम में नशे पर प्रहार करते हुए इस दौरान 37 अभियोग पंजिकृत करके 37 लोगो को गिरफ्तार किया है आरोपियो से 15 किलो 562 ग्राम गांजा, 4.68 ग्राम स्मैक , 2 किलो 100 ग्राम डोडा चुरापोस्त व 220 नशे की गोलियां बरामद की है।

यातायात पुलिस द्वारा भारी वाहनों की नो-एंट्री चेकिंग के दौरान एक दिन में किए 59 चालान

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद- पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के आदेशानुसार व डीसीपी ट्रैफिक ऊषा के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस वर्ष नो- एंट्री का उल्लंघना करने वाले वाहन चालको के चालान काटकर जुर्माना लगाया है। नो-एंट्री की चेकिंग के दौरान 59 वाहन चालको के चालान काट कर जुर्माना लगाया गया है। भारी वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान के तहत नो-एंट्री के यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में अब तक 1352 चालान किए गए है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि भारी वाहनों के कारण शहर में होने वाली ट्रैफ़िक जाम की समस्या और सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनज़र रखते हुए शहर सुबह 7 बजे से 10-30 बजे एवं शाम को 5 बजे 9 बजे तक नो एंट्री समय लागू है। नो एंट्री की चेकिंग के

नो-एंट्री की चेकिंग के दौरान 59 वाहन चालको के चालान काट कर जुर्माना लगाया गया है। भारी वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान के तहत नो-एंट्री के यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में अब तक 1352 चालान किए गए है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि भारी वाहनों के कारण शहर में होने वाली ट्रैफ़िक जाम की समस्या और सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनज़र रखते हुए शहर सुबह 7 बजे से 10-30 बजे एवं शाम को 5 बजे 9 बजे तक नो एंट्री समय लागू है। भारी वाहनों के लिए मुख्य स्थानों एवं चौक- चौराहों पर नाकाबंदी करके यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के खिलाफ चालान काटकर व गाडी को इंपाउंड कर के जुर्माना

वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रण के लिए भी भारी वाहनों की नो-एंट्री समय निर्धारित है।

लगाया जाता है। इसके लिए सभी ट्रैफ़िक पुलिस में तैनात पुलिसकर्मियो की ड्यूटियाँ लगाई जाती है। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय के दौरान शहर में भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित हैंद्ध नो एंट्री के समय के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रखने के लिए शहर के मुख्य स्थानों जैसे पाली चौक ,हार्डवेयर चौक ,सोहना टी प्वाइंट इत्यादि पर स्पेशल नाकाबंदी करके शहर में जाम की स्थिति से बचने के लिए भारी वाहनों के आवागमन निगरानी रखी जा रही है तथा नो-एंट्री की सूचना के लिए एंट्री प्वाईंट आदेशात्माक चिन्ह बोर्ड के माध्यम लगाए हुए है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रण के लिए भी भारी वाहनों की नो-एंट्री समय निर्धारित है। ट्रैफिक पुलिस का लगातार प्रयास रहता है कि शहरवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके। नागरिकों से अपील की कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें ।

चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी को थाना तिगांव पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल चल रहे आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना तिगांव पुलिस टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सन्नी (26) निवासी बालमीकि बस्ती तिगांव का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से तिगांव बस स्टैण्ड के पास से चोरी के सामान electric wire, keyboard, crocking set, पर्द extension wire इत्यादि सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी के सामान को बेचने की नियत से लेकर जा रहा था। आरोपी ने सामान को तिगांव की मार्किट कमेटी के कार्यालय से 24 जून की रात को चोरी किया था। आरोपी नशा करने का आदि है। आरोपी ने नशे की पूर्ती के लिए चोरी

की वारादात को अंजाम दिया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने किया गिरफ्तार, आरोपी से पूछताछ में चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिनेश उर्फ चीकू हनुमान नगर भारत कॉलोनी नहर पार का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान कैली बाई-पास रोड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में थाना खेडीपुल के एक चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। जिसमें आरोपी ने एक मोटरसाइकिल भारत कॉलोनी एरिया से चोरी की थी। जिसको आरोपी के घर से बरामद कर लिया गया है। आरोपी पर पूर्व में भी नशा तस्करी

के 3 मामले थाना खेडीपुल व ओल्ड फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

बच्चों के साथ बिताएं अपना वीकएंड

हम आपके लिए कुछ फन एक्टिविटीज लेकर आए हैं जो आपको बीकएंड में अपने बच्चों के साथ करने में बेहद मजा आएंगा और साथ ही आप अपने बच्चों के साथ ज्यादा समय भी व्यतीत कर पाएंगे। वीकएंड्स पर बच्चों को संभालना बेहद मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वे बोर होने लगते हैं और घर में हुड़दंग मचाना शुरू कर देंते हैं। ...तो क्यों न वीकएंड के लिए आप पहले से ही कुछ फन एक्टिविटीज प्लॉन करके रखें जिसे करने में आपको भी मजा आए और आपके बच्चों को भी।

पेपर प्लेट मास्क-घर पर रखे पेपर प्लेट्स निकालें और साथ ही बच्चों की कैंची भी। बच्चें को उनके पेंट और ब्रश के साथ बिठाएं और देखें की वे अपनी इमेजिनेशन से क्या पेंट करते हैं इन पेपर प्लेट्स पर। पेपर प्लेट्स से फेस मास्क बनाना मजेदार होता है। आप खाली जूस के बॉटल्स और अन्य बॉक्सेसज भी कई चीजे बना सकते हैं।

गाडर्निग- इससे आपके बच्चों में प्रकृती के प्रति लगाव बढ़ेगा। अपने बच्चों को पेड़ लगाना, बीज बोना सिखाएं। यह न केवल उनके लिए एक लर्निग एक्सपीरियंस होगा बल्कि वे नेचर के प्रति जिम्मेदार भी बनेंगे।

पिगी बैंक बनाएं- उसे सेविंग करना सिखाएं। घर पर पड़े बड़े बॉक्सेज और जार लेकर आएं और उन्हें इसे अपने मनपसंद तरीके से सजाने को कहें फिर ईनाम के रूप में इन बॉस या जार में कुछ सिक्के डाल दें।

स्टिक पपेट- आइसक्रीम स्टिक्स पर बच्चों को बर्ड्स या एनिमल ड्रॉ करने को कहें और फिर इनका इस्तेमाल बुकमार्क के रूप में भी कर सकते हैं।

वेजिटेबल ड्रॉइंग- भिंडी, प्याज और अन्य सब्जियों के छोटे टुकड़े काटें। इन टुकड़ों को आप अपने बच्चों को पकड़ा दें और फिर उन्हें पेंट कलर्स में डिप करके ड्रॉइंग बनाने को कहें। इससे उन्हें ड्रॉइंग के नए तरीके सीखने को मिलेगा और समय का सही उपयोग भी होगा।

मानसून में ऐसे करें आई केयर

बारिश में आंखों का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। कई बार बारिश के मौसम में आंखों में सूजन, जलन, लाली आदि की समस्या पैदा हो जाती है। इन समस्याओं से बचने के लिए इन बातों का खासतौर पर ध्यान रखें।

गंदे हाथ

गंदे हाथों से आंखों को न छुएं।

ठंडे पानी का इस्तेमाल

आंखों को ठंडे पानी से धोएं।

साबुन से हाथ धोएं

घर में अगर कोई कन्जक्टिवाइटस से पीडित है तो उसकी आंखों में दवा डालने के बाद साबुन से हाथ जरूर धोएं।

ज्यादा परेशानी होने पर विशेषज्ञ से मिलें

आंखों में लाली, खुजली व जलन मानसून से जुड़ी परेशानी है जो ज्यादा किताब पढ़ने, कम्प्यूटर पर घंटों काम करने व ज्यादा टेलीविजन देखने से होती है। यदि ऐसी परेशानी हो तो विशेषज्ञ से मिलें।

आंखों को पोंछने वाले कपड़े को शेयर न करें

अपना तौलिया, रूमाल आदि दूसरों के साथ शेयर न करें।

कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग नहीं

किसी भी संक्रमण के दौरान कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग न करें।

मेकअप से दूर रहें

बाहर जाते वक्त चश्मा लगाएं। दिक्कत होने पर आंखों को रगडें नहीं। किसी भी प्रकार का संक्रमण होने पर आंखों का मेकअप न करें।

बिलनी

आंखों का बैक्टीरियल संक्रमण है जो ज्यादातर बारिश के मौसम में होता है। इसमें आंखों की पुतली में पीड़ादायक गठान हो जाती है जो कुछ समय बाद दवा से ठीक हो जाती है।

घरेलू उपायों से निखारें अपनी रंगत

दमकता गोरापन पाने के लिए महिलाएं बहुत से उपाय करती हैं। बाजार में भी गोरा बनाने के लिए ढेरों प्रोडेक्ट उपलब्ध हैं। जिन्हें खरीदने के लिए महिलाएं पानी की तरह पैसा बहाती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि कुछ घरेलू तरीके अपनाकर भी आप पा सकती है निखरी त्वचा-

नींबू

नींबू के रस को गुलाब जल के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे में निखार आएगा। अगर आपके हाथ काले हैं तो सोते वक्त हाथों पर नींबू रगड़े। एक हफ्ते में ही आपको फर्क महसूस होने लगेगा।

शहद

शहद में कच्चा दूध मिलाकर लगाने से चेहरा खुबसूरत और कोमल हो जाता है। इससे फटी हुई स्किन भी सही हो जाती है।

संतरा

संतरे के छिलकों को सुखा लें। फिर उन्हें मिक्सी में पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर में गुलाब जल, कच्चा दूध और नींबू का रस मिलाकर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा गोरी होने लगेगी।

टमाटर

टमाटर के रस में गुलाब जल और कच्चा दूध मिलाकर लगाएं। इससे कील, मुंहासों से राहत मिलेगी।

खीरा

खीरे के रस को चेहरे पर लगाएं। इससे आपके चेहरे की रंगत निखरने लगेगी। इसके अलावा खीरे को आंखों पर लगाने से डार्क सर्कल भी दूर होते हैं और आंखों को आराम मिलता है।

हल्दी

हल्दी में ताजी मलाई, आटा और कच्चा दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर 10 मिनट बाद चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर निखार आ जाता है।

ब्यूटी और हैल्थ दोनों के लिए प्रभावी मुल्तानी मिट्टी

ब्यूटी और हैल्थ दोनों के लिए मुल्तानी मिट्टी प्रभावी होती है। इसे चेहरे पर लगाने से रंगत निखरती है और बालों में प्रयोग करने से वे घने व मुलायम होते हैं। यह त्वचा संबंधी रोगों को दूर कर ब्लड सर्कुलेशन ठीक करती है।

बालों के लिए

रुखे बालों के लिए चार चम्मच मुल्तानी मिट्टी के साथ 1/4 कप दही, दो चम्मच नींबू रस और दो चम्मच शहद मिलाकर बालों पर लगाएं। बाल मुलायम होंगे। मुल्तानी मिट्टी को चार घंटे तक भिगोकर उसमें रीठा पाउडर मिलाएं। इस पेस्ट को बालों में लगाने से तैलीय बालों की समस्या दूर होती है। नेचुरल कंडिशनिंग के लिए मुल्तानी में छाछ मिलाकर लगाएं। मुल्तानी मिट्टी को बालों में 10 मिनट से ज्यादा ना लगाएं।

गर्मियों में फायदेमंद

सनबर्न होने पर मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल या टमाटर के रस में मिलाकर लगाएं। मुल्तानी मिट्टी का लेप पैरों के तलवों में लगाने से ठंडक मिलती है। इसे नीम की पत्तियों वाले पानी में भिगोकर लेप करने से घमौरियां दूर होती हैं। फोड़े-फुंसियां होने पर इस मिट्टी में कपूर मिलाकर लगाएं। गर्मी में नकसीर की समस्या होने पर एक चौथाई गिलास पानी में रात को 5 चम्मच मुल्तानी मिट्टी भिगो दें। सुबह इसे छानकर नाक पर लेप करने से खून आना बंद हो जाएगा। ड्राई और सेंसटिव स्किन वालों को मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग सप्ताह में एक बार ही करना चाहिए।

तैलीय त्वचा के लिए

ऑयली स्किन वालों के लिए यह फायदेमंद होती है ,क्योंकि यह चेहरे का तेल सोखकर मुंहासे दूर करती है। ऑयली स्किन वाले लोगों को इस मिट्टी में दही व पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिलाकर लगाना चाहिए। गुलाब जल व मुल्तानी मिट्टी मिलाकर भी चेहरे पर लगाई जा सकती है। मुंहासे होने पर मिट्टी में सूखी नीम की पत्तियां मिलाकर लगाएं। रुखी त्वचा होने पर इसमें चंदन पाउडर मिलाकर लगाएं। आंखों के नीचे काले घेरे कम करने के लिए खीरे का रस व उबला आलू मुल्तानी मिट्टी में मिलाकर आंखों के नीचे 10-15 मिनट तक लगाएं।

मिर्जापुर के लोकप्रिय होने से पहले हम सिर्फ 'कलाकार' थे

मिर्जापुर सीरीज में कालीन भैया का किरदार निभाने वाले फेमस एक्टर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि शो के चर्चित होने से पहले उन्हें और अन्य सितारों को सिर्फ एक कलाकार के रूप में जाना जाता था। पंकज ने कहा कि मिर्जापुर ने मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेष रूप से इंटरव्यू के दौरान पत्रकार अक्सर हमें स्टार कास्ट कहकर बोलते हैं, लेकिन मिर्जापुर के वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होने से पहले, हम केवल शो के कास्ट थे। कलाकारों में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पैनयुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और मनु ऋषि चड्ढा भी शामिल हैं। पंकज आज जिस स्टारडम का आनंद ले रहे हैं, उसका श्रेय मिर्जापुर को देते हैं। उन्होंने कहा कि यह मिर्जापुर ही है, जिसने हमें स्टार बना दिया। सीजन-1 के बाद, प्रशंसकों, खासकर महिलाओं से मुझे जो प्रतिक्रिया मिली, उसने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया। इससे मुझे एहसास हुआ कि कालीन भैया किसी भी अन्य डॉन से अलग है, जिसे भारतीय दर्शकों ने कभी सेल्युलाइड पर देखा है।

पंकज ने कहा कि पारंपरिक माफिया और डॉन के विपरीत, वह प्रभावी रूप से मृदुभाषी, नैतिक और भरोसेमंद होने का दिखावा करते हैं। कालीन भैया कोई आम अपराधी नहीं है, यही उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। हम इंसानों के कई पहलू होते हैं और कालीन भैया इसका सटीक चित्रण हैं। 2018 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले सीजन में पंकज के किरदार अखंडानंद त्रिपाठी को दिखाया गया है, जिसे कालीन भैया के नाम से जाना जाता है, जो उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के मिर्जापुर में एक खूंखार गैंगस्टर है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित मिर्जापुर सीजन 3 का निर्देशन गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर ने किया है। दस एपिसोड की यह सीरीज 5 जुलाई को प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से प्रीमियर होगी। फिल्मों की बात करें तो पंकज अगली बार अमर कौशिक की हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 में नजर आएंगे। यह फिल्म 2018 की फिल्म स्त्री का सीक्वल है, जिसमें श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना ने अभिनय किया है।

बड़े हीरो के साथ काम करने में कंफर्टेबल नहीं थी

ईशा कोप्पिकर ने हाल ही में बॉलीवुड में अपने स्ट्रगलिंग फेज और चुनौतियों पर बात की। उन्होंने ये भी कहा कि बड़ी उम्र के हीरो के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस करने में उन्हें कितना अनकंफर्टेबल महसूस होता है। एक इंटरव्यू में ईशा ने कहा कि ऐसा करने पर उन्हें लगता था कि जैसे वो अपने पिता को गले लगा रही हैं।

इंटरव्यू में ईशा ने कहा, अपने से 30 या 20 साल बड़े हीरो के साथ काम करने में अनकंफर्टेबल लगता था । मैं भी जब फिल्मों में काम करती थी तो काफी असहज हो जाती थी। बड़े हीरो के साथ काम करने में पार्टनर या लवर को गले लगाने की फीलिंग नहीं आती बल्कि ऐसा लगता है जैसे आप अपने पिता को गले लगा रहे हो। मुझे तो ऐसा ही लगता था। मैं तब नई थी, मुझे लगता था फिल्मों में ऐसा ही होता होगा। फिर खुद को समझाती थी कि आपको अपने पार्ट पर फोकस करना चाहिए न कि किसी की उम्र पर।

ऑडियंस बेवकूफ नहीं है

ईशा ने सीनियर एक्टर्स के यंग एक्ट्रेसेस के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस पर कहा, सीनियर एक्टर्स को समझना चाहिए कि अब वो कैसे दिखते हैं और फिर उसके मुताबिक रोल चुनने चाहिए। मैं उम्मीद करती हूं कि अब इसमें बदलाव हो क्योंकि ऑडियंस बेवकूफ नहीं है। मैंने थिएटर में ऑडियंस को कहते हुए सुना है, ये कितना बुड्ढा लग रहा है, घर पे बैठ, अपनी बेटी की उम्र की लड़की के साथ रोमांस कर रहा है। ऑडियंस बिंदास वो बात कहती है जो कि सच है। सोशल मीडिया की वजह से अब सबको सच पता चल जाता है। ईशा खल्लास गर्ल नाम से मशहूर हुई ईशा ने 1998 में आई तमिल फिल्म काढ़ल कविताई से डेब्यू किया था। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड भी मिला था। ईशा ने 2000 में आई फिल्म फिजा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में करिश्मा कपूर और ऋतिक रोशन मुख्य भूमिकाओं में थे। वो अब तक कन्नड, तेलुगु, तमिल, मराठी और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी है।

खुद को निगेटिविटी से दूर रखते हैं कार्तिक आर्यन

एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों फिल्म चंदू चैंपियन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म से एक्टर को ना सिर्फ दर्शकों का प्यार मिल रहा है। बल्कि इंडस्ट्री के लोग भी कार्तिक आर्यन के काम की सराहना कर रहे हैं। जबकि एक समय इंडस्ट्री में उनके बारे काफी निगेटिव बातें होती थी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कार्तिक ने बताया कि वो निगेटिविटी से खुद को कैसे दूर रखते हैं। कार्तिक आर्यन ने कहा- मैंने निगेटिविटी से अलग रहने की कला सीख ली है। फालतू बातों पर ध्यान देने के बजाय सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता हूं। मेरा मानना है कि आप का काम बोलता है। मैं अपने काम के जरिए जवाब देना पसंद करता हूं। करण जौहर के साथ विवाद और संदीप सिंह के आरोप तक कार्तिक आर्यन चुप रहे। उन्होंने कहा- मैं बोलकर किसी को भी जवाब नहीं देता हूं। मैं अपने काम के जरिए जवाब देना पसंद करता हूं। मैं चुप रहकर सब सुनता हूं। इसमें बहुत ताकत होती है। चंदू चैंपियन' देखने के बाद करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक स्टोरी शेयर की थी। उन्होंने चंदू चैंपियन का एक पोस्टर शेयर करते हुए कार्तिक आर्यन और डायरेक्टर कबीर खान की तारीफ थी।



ओटीटी पर काम करके खुश हैं सुचित्रा

सुचित्रा पिल्लई बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। साथ ही साथ उन्होंने की टीवी शो में भी काम किया है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान वे टीवी में भूमिकाओं के बारे बारे बातें करते हुए बोलीं, मैं टीवी पर निगेटिव रोल निभा कर थक गई थी। कुछ नया करने को नहीं मिल रहा था। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सुचित्रा पिल्लई इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। पिछले दिनों वे ब्रोकन न्यूज 2 में नजर आई थीं। इस शो में को दर्शकों को उनका किरदार काफी पसंद आया है। हाल ही में अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान बॉलीवुड में अपने करियर और ओटीटी पर अपनी नई शुरुआत के बारे में खुलकर बातें करती नजर आईं।

सुचित्रा पिल्लई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं अब 53 साल की हो चुकी हूं, लेकिन पिछले तीन साल में मैंने जितना काम किया है उतना तो मैंने 20 साल की उम्र में नहीं किया था। मैं ओटीटी का धन्यवाद देना चाहती हूं कि मुझे इस उम्र में इतनी अलग-अलग भूमिकाएं निभाने को मिल रही हैं। यहां पर मुझे जो भूमिकाएं मिल रही हैं वे सब महिला प्रधान भूमिकाएं हैं। यहां मुझे मेरे टैलेंट को दिखाने का मौका मिल रहा है।

ब्रोकन न्यूज 2 का हिस्सा बनकर खुश हूं

सुचित्रा पिल्लई को हाल में ब्रोकन न्यूज के दूसरे सीज़न में देखा गया था। इस शो में सोनाली बेंद्रे और जयदीप अहलावत के साथ नजर आई थीं। इस शो के बारे में बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, मैं इस शो का हिस्सा बनकर काफी खुश हूं। ऐसे शो का हिस्सा बनना बहुत अच्छा है जिसका लोग सम्मान करते हैं और इतनी तारीफ करते हैं। ओटीटी पर काम करते हुए मैंने महसूस किया है यहां कोई ईगो की लड़ाई नहीं होती है। सब प्यार से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं। यहां का माहौल काफी सकारात्मक है।

शाहरुख खान के साथ फिर हाथ मिलाएंगे फरहान अख्तर

एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर फरहान अख्तर ने इंडस्ट्री के कई कलाकारों के साथ काम किया है। शाहरुख खान के साथ वह फिल्म डॉन लेकर आए। फिल्म की दोनों कड़ी खूब हिट रहीं और अब दर्शकों को इसकी तीसरी कड़ी का इंतजार है। डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान नजर आए। लेकिन, तीसरी फिल्म में उनकी जगह रणवीर सिंह ने ली है। ऐसे में किंग खान के फैंस यह जानना चाहते हैं कि फरहान अख्तर अब शाहरुख खान के साथ कब फिल्म लेकर आएंगे। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।

कुछ ऐसा विषय खोज लेंगे हाल ही में पिंकविला के साथ बातचीत में फरहान अख्तर ने शाहरुख खान के साथ काम करने को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे निश्चित रूप से कुछ ऐसा ढूंढ लेंगे, जिस पर वे और शाहरुख खान एक साथ काम करना चाहेंगे। उन्होंने शाहरुख के साथ काम करने का विश्वास जताया और कहा कि हम ऐसा कुछ विषय जरूर ढूंढ लेंगे। किंग खान फरहान के साथ पहले कर चुके हैं काम शाहरुख खान ने वर्ष 2006 में आई फरहान अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म डॉन में काम किया। फिर 2011 में आई डॉन 2 में काम किया। शाहरुख खान ने फरहान अख्तर के प्रोडक्शन की फिल्म लक बाय चांस में भी गेस्ट रोल अदा किया। इसमें फरहान अख्तर भी नजर आए थे। इसके अलावा शाहरुख खान की 2017 में आई फिल्म रईस में भी फरहान अख्तर की निर्माता कंपनी सह-निर्माता थी।



डेब्यू वेब सीरीज गोट में नील नितिन मुकेश के साथ नजर आएंगी जैकलीन

जैकलीन फर्नांडीज हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह अभी तक एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान स्थापित नहीं कर सकी हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज को लेकर व्यस्त चल रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बतौर अभिनेत्री इस सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी एक पुख्ता पहचान बना पाएंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,अभिनेत्री की इस डेब्यू वेब सीरीज को जियो सिनेमा ने आर्थिक रूप से समर्थन दिया है, जिसका शीर्षक गोट रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस म्यूजिकल ड्रामा की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। जैकलीन की इस डेब्यू सीरीज का पूरा नाम ग्रेटेस्ट् ऑफ ऑल टाइम्स है। इसमें मुख्य अभिनेता के तौर पर नील नितिन मुकेश भी नजर आने वाले हैं। हालांकि, वह जैकलीन के सामने एक चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, जैकलीन इसमें डांस का प्रशिक्षण देने वाली एक महिला के किरदार में होंगी। वहीं, नील इसमें संगीत सिखाने वाले एक शिक्षक के रूप में नजर आएंगे। पूरी सीरीज में दोनों के बीच उनकी अपनी-अपनी कला को लेकर एक दूसरे से प्रतियोगिता दिखाई जाएगी। इस सीरीज में कई नए कलाकार भी नजर आएंगे।

नील के पास संगीत विरासत को सम्मानित करने का मौका

सीरीज को लेकर दोनों के फैंस काफी उत्साहित हैं, क्योंकि दोनों ही अभिनेता उन किरदारों को निभा रहे हैं, जिनसे वो गहराई से जुड़े हुए हैं। जैकलीन काफी अच्छी डांसर हैं, जबकि नील के पिता और दिवंगत दादा को गायक के रूप में जाना जाता रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पहला मौका होगा, जब अभिनेता को अपनी संगीत विरासत को स्क्रीन पर सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। उनके लिए यह किरदार वास्तविकता के बेहद करीब होगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि भले ही इस सीरीज को जियो सिनेमा का समर्थन है, लेकिन इस के रिलीज के लिए अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, निर्माता पहले इसकी शूटिंग समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद ही इसको स्ट्रीम करने को लेकर फैसला किया जाएगा। इस सीरीज में दो ग्रुप में कई नए कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे, जिन्हें ये दोनों मुख्य कलाकार ट्रेनिंग देते नजर आएंगे।

सुभाष घई की फिल्म से इंडस्ट्री में छाई थीं सई ताम्हणकर

अभिनेत्री सई ताम्हणकर अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। सई ताम्हणकर का जन्म महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। वह मराठी, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों के साथ-साथ बॉलीवुड में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी हैं। फिल्मों में आने से पहले सई ताम्हणकर कबड्डी की स्टेट लेवल प्लेयर भी रह चुकी हैं। उन्होंने कराटे में भी ऑरेंज बेल्ट हासिल की है। साई ने सुभाष घई की फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट से सिल्वर स्क्रीन पर पहला कदम रखा था।

दिल्ली में बारिश ने बरपाया कहर अब अगले कुछ दिनों के लिए मौसम विभाग ने जारी किया ये अलर्ट

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली में बीते दो दिनों से मेघ बरस रहे हैं। बारिश से लोगों को गर्मी से तो राहत मिली है लेकिन इसने जलजमाव और ट्रैफिक जाम की स्थिति भी पैदा कर दी है। शहर में 88 वर्षों की रिकॉर्ड तोड़ बारिश के साथ मानसून ने दस्तक दी है। वहीं, यहां अगले दो दिनों में भारी बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग अगले चार दिन भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा दिल्ली में पूरे दिन मध्यम से भारी बारिश की संभावना है, रविवार तथा सोमवार को और अधिक भारी बारिश होने का अनुमान है।'' दिल्ली के रोहिणी और बुराड़ी सहित कई इलाकों में सुबह के समय बारिश हुई। दोपहर बाद भी शहर में कई जगह बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले सात दिन गरज के साथ भारी बारिश का पूर्वानुमान किया है। आईएमडी के अनुसार, एक दिन में 7.6 से 35.5 मिलीमीटर के बीच वर्षा मध्यम वर्षा की श्रेणी में आती है, और एक दिन में 64.5 से 124.4 मिमी के बीच वर्षा भारी वर्षा कहलाती है। इसने कहा कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता का स्तर 80 प्रतिशत रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली का एक्यूआई सुबह नौ बजे तक 108 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई।

कोर्ट का आदेश, 6 जुलाई को हाजिर हो....राहुल गांधी

रांची । मोदी सरनेम को लेकर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रांची के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में हाजिर होना होगा। कोर्ट ने केस में चार्ज फ्रेम करने पर बहस के लिए 6 जुलाई की तारीख तय की है। कानूनी प्रावधानों के अनुसार, इस दौरान बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट में राहुल गांधी की निजी तौर पर उपस्थिति जरूरी होगी। यह केस रांची के लालपुर निवासी एडवोकेट प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल 2019 को दर्ज कराया था। सिविल कोर्ट में दर्ज शिकायत के अनुसार,राहुल गांधी ने रांची में चुनावी सभा में कहा था कि मोदी सरनेम वाले सभी लोग चोर होते हैं। शिकायत में कहा गया है कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी से पूरा मोदी समाज आहत हुआ है। इसकारण उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। रांची सिविल कोर्ट ने मामले को 30 सितंबर 2021 को एमपी एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने राहुल के खिलाफ समन जारी किया। इस पर राहुल ने याचिका दाखिल कर उपस्थिति से छूट मांगी, जिसे सुनवाई के बाद अदालत ने पहले ही खारिज कर दिया है।

तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट...4 की मौत

चेन्नई । तमिलनाडु के विरुधुनगर में एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट के बाद 4 श्रमिकों की मौत हुई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि विस्फोट और आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल होना बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इकाई के नजदीक मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने बताया कि पटाखा निर्माण इकाई की इमारत को भी इस घटना में नुकसान पहुंचा है।

प्रज्वल रेवन्ना को नहीं मिल रही राहत, 8 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) की एक अदालत ने आज (29 जून) को सेक्स वीडियो कांड के मुख्य आरोपी पूर्व जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 8 जुलाई (सोमवार) तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अदालत में पेश किया क्योंकि उसकी पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई थी। प्रज्वल के वकील ने कहा कि बीमारी की पृष्ठभूमि में प्रज्वल को एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। हालाँकि, अदालत ने उन्हें जेल अधिकारियों को इस संबंध में एक याचिका प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि अगर जेल अधिकारी अनुमति देंगे तो मामले की सुनवाई सोमवार को की जायेगी। प्रज्वल को बेंगलुरु के बाहरी इलाके परप्पाना अग्रहारा के केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने प्रज्वल को उसके खिलाफ दर्ज चौथे यौन मामले के सिलसिले में अपनी हिरासत में लिया था। प्रज्वल के भाई जद (एस) एमएलसी सूरज रेवन्ना को भी जद (एस) पुरुष कार्यकर्ताओं द्वारा दर्ज किए गए जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा उनकी जांच की जा रही है। उनके पिता एचडी रेवन्ना, जद (एस) विधायक, को जेल हुई और सशर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया। सेक्स वीडियो स्कैंडल से जुड़े अपहरण के एक मामले में मां भवानी रेवन्ना भी सशर्त जमानत पर बाहर हैं।

अरुणाचल में लगातार बारिश से भूस्खलन, सड़क संपर्क टूटा

ईटानगर । अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश से भूस्खलन के बाद सड़कों से संपर्क टूट गया है। पश्चिम सियांग जिले के आलो से शियोमी जिले में मेचुखा तक की एक प्रमुख सड़क रोइंग और पेने गांव के बीच क्षतिग्रस्त हो गई। शियोमी जिला सूचना और जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। सीमा सड़क संगठन ने सड़क से मलबा हटाने का काम शुरु कर दिया है और मशीनों की मदद ली जा रही। यदि मौसम सही रहा तो शनिवार शाम तक हल्के मोटर वाहनों के लिए सड़क को खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सियांग जिले के तारक गांव के पास पासीघाट-पंगिन-आलो सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते कई वाहन फंस गए हैं। ईटानगर में जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग-415 के किनारे अवैध निर्माण के खिलाफ एक अभियान चलाया है। इन अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है जो नालियों को अवरुद्ध कर रहे थे।

बिजली गिरने से महिला समेत चार की मौत, मवेशी भी हुए शिकार

फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं चार बकरियां भी इसका शिकार हुईं हैं। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक किशनपुर थाना क्षेत्र के झुरहापुर मजरे गढ़ा गांव निवासी रामकृपाल की पत्नी कैरी देवी (50) बकरियां को चराने गई थी। इस दौरान अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। बारिश से बचने महिला पेड़ के नीचे छिप गई, तभी गरज और चमक के साथ उस पर बिजली गिर गई। इस हादसे में महिला की झुलसने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खेतों में चर रहीं चार बकरियां भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। उधर, गाजीपुर थाना क्षेत्र के देवलान गांव निवासी कैलाश पुत्र रामपाल (48) और 42 वर्षीय सीताराम अपने-अपने मवेशियों को लेकर चराने जंगल गए थे। इस बीच आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। एक साथ दो मौतों से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में मातम छा गया। इसी तरह सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अस्तुपुर गांव में अचानक बारिश के बीच गाज गिरने से एक 16 वर्षीय किशोरी की भी मौत हो गई। बिजली के कहर के शिकार इन सभी शवों को संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दिल्ली ही नहीं अन्य देशों में भी हुए हवाई अड्डों पर छत गिरने के हादसे

नई दिल्ली । दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल एक की छत गिरने से एक शख्स की मौत और लगभग आठ लोगों के घायल हो गए। ऐसे खतरनाक और दुखदायी हादसे भारत ही नहीं, दुनिया भर में हुए हैं। जर्मनी के कोलोन बॉन हवाई अड्डे पर टर्मिनल पर 25 दिसंबर 2008 में हुई घटना याद करके रुह कांप जाती है। एक भयानक हादसे में जहां टर्मिनल 25 की छत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। भारी बर्फबारी के कारण यह हुआ। टर्मिनल हाल ही में बनाया गया था और इसके डिजाइन में स्पष्ट रूप से भारी बर्फ जमा होने के वजन को ध्यान में नहीं रखा गया था। भारी बर्फबारी के कारण ऐसा हुआ। राहत की बात यह रही ?कि हवाईअड्डा खुलने से पहले सुबह-सुबह यह हादसा हुआ, वरना कई लोगों की जान जाने का खतरा था।

स्टॉलिन ने पीएम समेत 8 सीएम को लिखा पत्र बोले- हर हाल में बंद हो नीट परीक्षा

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को एक बार फिर केंद्र सरकार से राज्य को मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा से छूट देने और राष्ट्रीय स्तर पर इस परीक्षा को समाप्त करने की मांग की है। तमिलनाडु को नीट से छूट देने के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए चयन प्रक्रिया केवल 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर होनी चाहिए न कि इसके लिए अलग से प्रवेश परीक्षा कराई जानी चाहिए क्योंकि इससे छात्रों पर अधिक तनाव पड़ता है।

इसके साथ ही स्टालिन ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट-यूजी की परीक्षा में अनियमितताओं की हालिया घटनाओं ने देश में मेडिकल कोर्स करने के इच्छुक कई मेहनती उम्मीदवारों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। यह व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र के गरीब युवाओं को मेडिकल में स्नातक करने के सपने पूरे करने से भी वंचित कर रही है। इसके अलावा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को लिखे अलग-अलग पत्रों में स्टालिन ने उनसे अनुरोध किया कि वे अपनी-अपनी विधानसभाओं में नीट परीक्षा को समाप्त करने के लिए इसी तरह का प्रस्ताव पारित करने पर विचार करें। उन्होंने लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी पत्र लिखकर तमिलनाडु को नीट परीक्षा से छूट देने की मांग पर उनका समर्थन मांगा है।

राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार

स्टालिन ने अपने पत्र में कहा, हमने तमिलनाडु में नीट परीक्षा न कराने और 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रदान करने के लिए अपनी विधानसभा में सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया था। इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया है, लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु विधानसभा ने उपरोक्त बताई गई मांग के संबंध में आज विधानसभा में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें केंद्र सरकार से आग्रह किया गया कि वह तमिलनाडु को नीट से छूट देने के लिए विधेयक पर अपनी सहमति जताए और राष्ट्रीय स्तर पर इस चयन प्रक्रिया को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम में संशोधन करे।

सोरेन, केजरीवाल बेकसूर... मोदी और शाह के इशारे पर परेशान किया जा रहा : संजय राउत

मुंबई। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर शिवसेना यूबीटी के राज्य सभा सांसद संजय राउत ने बीजेपी पर बड़ा हमला बोला है। राउत ने कहा कि कोर्ट में ईडी सबूत नहीं दे पा रही है। इस देश की एजेंसी मोदी और शाह की प्राइवेट एजेंसी बन गई है। उनके इशारे पर जांच होती है। राउत ने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में यही हुआ है। केजरीवाल भी निर्दोष हैं। राउत ने अपने मामले का जिक्र कर कहा कि अनिल देशमुख भी निर्दोष है। इसकारण कोर्ट भी मान रही है कि ईडी की कार्रवाई परेशान करने के लिए हैं। इतना ही नहीं सांसद राउत कहा कि दिल्ली सरकार में मंत्री रहे सत्येंद्र जैन भी निर्दोष हैं। राउत ने कहा कि ईडी और सीबीआई ने 10 साल में जितने भी नेताओं को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ एजेंसियों को कोई सबूत नहीं मिले हैं। मैं इसका उदाहरण हूं। अनिल देशमुख के खिलाफ कोई सबूत नहीं है, केजरीवाल जी को पकड़ा है, कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है, आप उन्हें परेशान कर रहे हैं। सोरेन के बारे में भी यही कहा है। इस देश की एजेंसी मोदी-शाह की प्राइवेट एजेंसी बन गई है। हेमंत सोरेन बेकसूर थे।

कांग्रेस का आरोप, क्या नकल, कोचिंग और शिक्षा माफिया को बचाना चाहती है मोदी सरकार

लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक और एनडीए सरकार के बीच नीट विवाद को लेकर तीखी नोकझोंक देखने में मिली। इस पर कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा के लोग सदन की मर्यादा का पालन नहीं कर रहे हैं। लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए सभी विधायी गतिविधियों को स्थगित करने की कांग्रेस की मांग के कारण सदन में हंगामा हुआ, जिसके कारण स्पीकर ओम बिरला को कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि भाजपा के लोग सदन की मर्यादा का पालन नहीं कर रहे हैं। अगर राहुल गांधी नीट पर एनडीए सरकार के सहयोग की बात करते हैं, तो क्या ये अराजकता है, क्या उनका माइक बंद किया जाना चाहिए। 24 लाख बच्चों के भविष्य की बात है। करोड़ों परिवार उनके साथ जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि क्या मोदी सरकार नकल, कोचिंग और शिक्षा माफिया को बचाना चाहती है। क्या संसद में नीट का मुद्दा उठाना गलत है। छात्रों की आवाज उठाना क्या गलत है। अगर ये अराजकता हैं, तब राहुल गांधी इस तरह की अराजकता बार-बार करने वाले है। कांग्रेस नेता राजपूत ने कहा, सत्ता पक्ष को समझना चाहिए कि अराजकता क्या होती है। अराजकता माइक बंद करना है। अराजकता अभिमान से बात करना है और प्रतिपक्ष को सम्मान न देना है। अराजकता नीट के बच्चों के साथ खिलवाड़ करना है।

भाजपा सांसद डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी की ओर से नेहरू के मुकाबले पीएम मोदी को अतुलनीय पीएम बताने पर राजपूत ने कहा कि सुधांशु पीएम मोदी की चाटुकारिता नहीं करेंगे, तब किसी की करेंगे। वे मोदी जी की कृपा पर हैं, यही लोकतंत्र का दुर्भाग्य है। अगर आप ऐसी बातें करते हैं, तब योग्यता के दम पर नहीं, चाटुकारिता से राज्यसभा की सीट पाते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, नेहरू ने देश को स्वावलंबी बनाया। उन्होंने आईआईटी की स्थापना की। इसरो की स्थापना की। तमाम पीएसयू बनाए। किस बात की तुलना कर रहे हैं। नेहरू ने देश के संसाधन बनाए और पीएम मोदी ने इन संसाधन को बेचा। ओपी राजभर का वीडियो सामने आने के बाद राजपूत ने कहा कि उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त कर जेल में डालना चाहिए। अगर योगी सरकार ऐसा नहीं करती हैं, तब ये माना जाएगा कि सरकार भी इसमें शामिल है।

नीतीश का ऐलान, अब हमेशा एनडीए गठबंधन का रहेंगे हिस्सा

-जेडीयू ने सांसद संजय झा को बनाया पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष

पटना (एजेंसी)। बिहार में सत्तारुढ़ गठबंधन का नेतृत्व कर रहे जनता दल युनाइटेड ने आज अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अहम फैसले लिए। बिहार के सीएम और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सांसद संजय झा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समक्ष नीतीश कुमार ने ऐलान किया कि वह अब हमेशा एनडीए गठबंधन का हिस्सा रहेंगे।

माना जा रहा है कि नीतीश के इस ऐलान से उन अटकलों पर विराम लग गया है जिसमें दावा किया जा रहा था कि वह दोबारा इंडिया गठबंधन में लौटने की राह तलाश रहे हैं। बैठक के बाद पार्टी प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सामने घोषणा की है कि अब वे हमेशा एनडीए गठबंधन का हिस्सा रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार हाईकोर्ट द्वारा रोके गए आरक्षण को लेकर हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

उन्होंने यह कहा कि राज्यसभा सांसद संजय झा को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने बिहार को विशेष दर्जा या विशेष वित्तीय पैकेज देने की केंद्र सरकार से मांग की है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जद (यू) ने पेपर लीक मामले के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए संसद में कठोर कानून बनाने की भी मांग की है।

बता दें कि दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के सभी सांसद, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर बिहार और अन्य राज्यों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस बैठक में हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के विश्लेषण के साथ ही 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीति समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

राजस्थान के कारोबारी का चीन में अपहरण....फिर मर्डर

-किडनैपर्स ने 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी

जालौर (एजेंसी)। राजस्थान के जालौर जिले के बिजनेसमैन का चीन में अपहरण हुआ है। किडनैपर्स ने बिजनेसमैन को छोड़ने की एवज में 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। फिरौती की रकम नहीं मिलने पर उसकी हत्या कर दी गई। चीन में हत्या का शिकार का हुआ यह बिजनेसमैन मुंबई में मोबाइल का कारोबार करता था। इसकारण बिजनेस के सिलसिले में चीन आता-जाता रहता था। अब परिजन उसके शव को भारत लाए जाने का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए वे जालौर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी से संपर्क कर विदेश मंत्रालय के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया में जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कारोबारी की हत्या की यह वारदात आठ दिन पहले हुई थी। हत्या का शिकार हुआ कारोबारी सतीश कुमार (26) मुंबई में मोबाइल का कारोबार करता था। उसका परिवार भीनमाल में कृषि फार्म में रहता है। सतीश चीन से सामान खरीदकर मुंबई में होलसेल में दुकानदारों को बेचता था। इसके लिए उसका महीने या दो महीने चीन आना जाना लगा रहता था। वह जून के महीने में भी चीन गया था। वहां बीते 21 जून को उसका अपहरण कर लिया गया।

सतीश के परिजनों के मुताबिक किडनैपर्स ने उससे 1 करोड़ रुपये की फिरौती डिमांड की। 24 जून तक सतीश कुमार का मोबाइल चालू था। वह परिजनों को खुद के अपहरण और अपहरणकर्ताओं की मांग के बारे में बता रहा था। फिरौती की रकम मुंबई के एक व्यापारी को तक पहुंचाने के लिए कहा गया था। उसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। 24 जून को उसके भाई के मोबाइल पर सूचना दी गई की सतीश कुमार नाम के शख्स की चीन के ग्वांगजो सिटी में लाश मिली है। यह सुनकर सतीश के परिवार में कोहराम मच गया। सतीश कुमार के तीन रिश्तेदार चीन जाने के दिल्ली पहुंच गए। वहां उन्होंने सांसद चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात कर घटना के बारे में बताया।

सांसद ने मामले को गंभीरता से लेकर तीनों रिश्तेदारों को चीन का वीजा आवेदन करवाकर विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से संपर्क साधा। विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र मेल कर चीन जाने का वीजा और बॉडी भारत लाने के लिए कानूनी प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है। सतीश के परिजन मोहनलाल माली ने बताया कि सतीश कुमार के अपहरण और हत्या में चीन के साथ साथ कुछ भारतीय लोगों की मिलीभगत की आशंका है।

कमर तोड़ मंहगाई में लोगों के मुंह से निवाला छीन रही एनडीए सरकार : कुमारी सैलजा

चंडीगढ़ (एजेंसी)। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मोदी सरकार का महंगाई पर कोई भी नियंत्रण नहीं रह गया है। एक साल में खाद्य पदार्थों की कीमतों में तीन गुणा बढ़ोतरी से साफ है कि मोदी सरकार जनता के मुंह से निवाला छीन रही है। महीने भर में सिर्फ खान-पान पर आम भारतीय परिवार का खर्च 16400 रुपए तक पहुंचना बेहद डरावने वाला है। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में रोजमर्रा जरूरत की चीजों के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स मई 2024 में 8.69 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो मई 2023 में 2.91 प्रतिशत पर था। वहीं बीते साल की तुलना में खाद्य तेल के दाम 30 प्रतिशत और दालों के दाम औसतन 20 प्रतिशत अधिक हैं।

सांसद सैलेजा ने कहा कि घर खर्च में करीब 24 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले किराने के सामान के दाम भी आसमान छू रहे हैं। बीते दो महीने में ही साबुन, हेयर ऑयल जैसी रोजमर्रा की चीजों के दाम 02-17 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। जबकि, रूटीन में प्रयोग होने वाले दूध, डेयरी प्रोडक्ट व सब्जियों के दाम तेजी से बढ़े हैं ही, इसमें अभी और बढ़ोतरी की प्रबल संभावना बनी हुई हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि रिपोर्ट से पता चलता है कि अप्रैल-जून तिमाही में टमाटर 37.6 प्रतिशत, प्याज 89.4 प्रतिशत और आलू के दाम में 81.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जबकि, एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि जनवरी-मार्च के तीन महीनों में लोगों को ग्रॉसरी (किराना, सब्जी, दूध, अंडे, ब्रेड, पनीर आदि) पर 49418 रुपए खर्च करने पड़े हैं। यानी, हर महीने एक आम भारतीय परिवार किराने पर 16400 रुपए से अधिक खर्च करने को मजबूर हैं।

सांसद ने कहा कि इतने भारी भरकम मासिक खर्च की मजबूरी के सामने एक आम परिवार बेबस हैं, जिनकी महीने की कमाई ही 15 हजार रुपए तक है। बढ़ती महंगाई से उनके सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा होने लगा है। परिवार के परिवार जान दे रहे हैं और इस तरह की खबरें अखबारों में अक्सर सुर्खियां बन रही हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार को सख्त से सख्त कदम उठाकर महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए। देश की जनता का भूखी न रहे, इस तरह के इंतजाम करने चाहिए। वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि का क्रम इतना तीव्र है कि व्यक्ति जब फिर से उसी चीज को दोबारा खरीदने जाता है, तब वस्तु का मूल्य पहले से अधिक हो चुका होता है।

बम बम भोले के जयकारे के साथ शुरु अमरनाथ यात्रा.....पहले जत्थे ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

-यात्रियों की सुरक्षा में 2 लाख से ज्यादा सैनिक तैनात

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमरनाथ यात्रा के लिए निकला तीर्थयात्रियों का पहला जत्था पवित्र गुफा तक पहुंच गया है। बाबा बर्फानी के दर्शन भी हो गए हैं। अमरनाथ यात्रा के शुरु होते ही बम बम भोले के जयकारे पहलगाम और बालटाल में सुनाई दे रहे है। इस यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर पहुंचा था।

भोलेनाथ के भक्तों का पहला जत्था अमरनाथ पहुंच चुका है और उन्हें भगवान शिव के दर्शन भी मिल चुके हैं। बाबा बर्फानी की इस साल की पहली तस्वीरें भी सामने आई हैं। इन तस्वीरों में भक्तों को भोलेनाथ के दर्शन करते देखा जा सकता है। वहीं, बड़ी संख्या में यात्री रास्ते में हैं और दर्शन के लिए अमरनाथ गुफा की ओर बढ़ रहे हैं।

पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह रवाना कर दिया गया था। यात्रियों का पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से सुबह 4 बजे पहलगाम और बालटाल के लिए रवाना हुआ था। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू से झंडा दिखाकर तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। इसके पहले एलजी मनोज सिन्हा ने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की थी।

मौसम विभाग ने 28 जून से 10 जुलाई तक बारिश की संभावना जाहिर की है। इसके बाद पूरे आसार हैं कि पहले सप्ताह यात्रा बारिश के बीच जारी रहेगी। 14 हजार 500 फुट की ऊंचाई पर बाबा बर्फानी की गुफा तक पहुंचने के दो रास्ते हैं। तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए पूरे रास्ते में 135 से ज्यादा लंगर सेवा के लिए लगाए गए हैं।

2 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात

यात्रा पर आतंकी हमले के खतरे को देखकर 2 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। हर रोज 15 हजार यात्रियों को बाबा बर्फानी के दर्शन करने की अनुमति है। यह यात्रा श्रावण पूर्णिमा यानी राखी पूर्णिमा तक चलेगी। यात्रा को ध्यान में रखते हुए महादेव के दरबार को काफी अच्छे से सजाया गया है। यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। यात्रियों के खाने-पीने से लेकर अन्य सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। बेस कैंप पर यात्रियों के लिए बिस्तर से लेकर उनकी सुरक्षा की भी पूरी तैयारी की गई।

भारत के आधे लोग आलसी, शारीरिक मेहनत करने में नहीं है रुचि

-एक रिपोर्ट में हुआ खुलासा, कोई मधुमेह तो कोई मोटापे से है परेशान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत जहां लोग मेहनत के लिए जाने जाते हैं भारत में कई क्षेत्रों में लोगों ने अपनी मेहनत से बड़े बड़े कामों को अंजाम दिया है। पहाडों को खोद का रास्ता बनाया कहीं पथरीली जमीन खोद पानी निकाला है। वहीं एक रिपोर्ट में सामने आई है। जिसमें भारत के लोगों को शारीरिक श्रम करने में काफी आलसी बताया गया है। एक अध्ययन के मुताबिक 2022 में भारत में करीब 50 फीसदी लोग अपर्याप्त स्तर की शारीरिक श्रम करते हैं। अध्ययन में पाया गया कि भारत में पुरुष 42 फीसदी की तुलना में महिलाएं 57 फीसदी कम शारीरिक काम करती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं में शारीरिक काम करने का अपर्याप्त स्तर पुरुषों की तुलना में औसतन 14 फीसदी ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ समेत शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र वयस्कों के अपर्याप्त रूप से शारीरिक रूप से सक्रिय होने के मामले में उच्च आय वाले एशिया प्रशांत इलाके के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक स्तर पर करीब एक तिहाई लोग 31.3 फीसदी शारीरिक श्रम नहीं करते। ये आंकड़ा 2010 के मुकाबले और बढ़ गया है। तब दुनिया में अपर्याप्त रूप से शारीरिक काम करने वाले 26.4 फीसदी लोग थे, जो अब पांच फीसदी ज्यादा हैं।

शोधकर्ताओं ने पाया कि भारत में साल 2000 में 22 फीसदी से थोड़ा ज्यादा वयस्क अपर्याप्त शारीरिक श्रम करने में संलग्न थे, जबकि 2010 में करीब 34 फीसदी वयस्क अपर्याप्त रूप से शारीरिक रूप से सक्रिय थे। उन्होंने अनुमान लगाया कि यदि वर्तमान रुझान जारी रहे, तो 2030 में 60 फीसदी वयस्क अपर्याप्त रूप से शारीरिक श्रम करने वालों में जुड़े हो सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-इंडिया डायबिटीज के एक अध्ययन में पाया गया है कि 2021 में भारत में 101 मिलियन लोग मधुमेह बीमारी से पीड़ित थे और उसी साल करीब 315 मिलियन लोगों को हाई बीपी था। अध्ययन के मुताबिक इसके अलावा 254 मिलियन लोग मोटापे से ग्रस्त हैं और 185 मिलियन लोगों में एलडीएल या खराब कोलेस्ट्रॉल से ग्रस्त हैं।

गुलाम हैदर को भारत आने का जल्द मिल सकता है वीजा, खुलेगी सीमा की पोल

–सीमा हैदर के खिलाफ भारतीय अदालतों में दर्ज कराएंगे अपना बयान

इस्लामाबाद। गैरकानूनी तरीके से नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा हैदर का पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर भारत आने के प्रयास में है। गुलाम ने कहा था कि वह 10 जून तक भारत आएगा लेकिन वह नहीं आ सका। अब गुलाम ने बताया है कि उसने वीजा प्रक्रिया को पूरा कर लिया है और जल्द ही अपने बच्चों से मिलने भारत जाएंगे और सीमा हैदर की खोलेंगे पोल। अंसार बर्नी ट्रस्ट ने गुलाम की मदद करते हुए भारत में मोमिन मलिक को उसका वकील बनाया था। गुलाम ने कहा कि जल्द ही भारत जाने की तारीख भी तय हो जाएगी। गुलाम ने कहा कि कुछ और लोग भी उनके साथ जाना चाहते थे लेकिन फिलहाल वह अकेले ही भारत जाएंगे। गुलाम ने कहा उसे भारत जाने की तारीख आने का इंतजार है ताकि वह भारत की अदालतों में सीमा के खिलाफ गवाही दे सके। एक महीने तक गुलाम को भारत में रहने का मौका मिल सकता है। ट्रस्ट ने कहा है कि उनको उम्मीद है कि वीजा मिल जाएगा क्योंकि ऐसी कोई वजह नहीं है, जिसको आधार बनाकर वीजा ना दिया जाए। ट्रस्ट की ओर से ये भी कहा गया है कि वकील मोमिन मलिक ने कई सारे मामले सीमा पर लगाए हैं। इन मामलों में गुलाम का बयान जरूरी है और उनको वहां जाकर अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का बयान.... तहरीक–ए–तालिबान के खिलाफ एक्शन लेगी सेना

लौहार (ईएमएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच तनाव दिख रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि सेना के सैन्य अभियान ऑपरेशन आजम–ए–इस्तेहकाम के तहत तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। रक्षा मंत्री आसिफ ने पाकिस्तान के कई नेताओं के टीटीपी के साथ बातचीत की संभावना को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि टीटीपी के साथ बातचीत का कोई आधार नहीं है। एक साक्षात्कार में आसिफ ने कहा कि यह सैन्?य अभियान चलाने का फैसला किसी हड़बड़ी में नहीं लिया गया है। उनका यह बयान उस समय पर आया है जब इमरान की पार्टी ने खुलकर सैन्य अभियान चलाने का विरोध किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस सैन्य अभियान को लेकर राजनीतिक दलों की चिंताओं को दूर किया जाएगा। साथ ही उनके हर सवाल का जवाब भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सैन्य अभियान का उद्देश्य सीमा के पास टीटीपी के ठिकानों को निशाना बनाना है। आसिफ ने कहा कि देश की एकजुटता से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। उन्होंने अफगानिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने को न्यायोचित बताकर दलील दी कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन नहीं करेगा। आसिफ ने कहा कि इसकी वजह यह है कि अफगानिस्तान से पाकिस्तान में आतंकवाद का निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने 4000 स्लीपर सेल के सदस्यों को आने दिया जो अब पाकिस्तान में अशांति फैला रहे हैं।

भविष्य में धूम्रपान से भी ज्यादा जोखिम है डिमेंशिया, –हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, डायबिटीज, शिक्षा और धूम्रपान है प्रमुख जोखिम

वाशिंगटन। धूम्रपान से भी ज्यादा जोखिम भविष्य में डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) के मामलों को बढ़ा सकता है। हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, डायबिटीज, शिक्षा और धूम्रपान समेत आनुवंशिक (जेनेटिक) और पर्यावरणीय कारकों का मिलना मनोभ्रंश रोग के लिए प्रमुख जोखिम फैक्टर है। यह खुलासा हुआ एक ताजा अध्ययन में। शोधकर्ताओं ने कहा, यूरोप और अमेरिका में भी धूम्रपान के स्तर में कमी आई है, क्योंकि यह सामाजिक रूप से अब कम स्वीकार्य होने के साथ ज्यादा महंगा हो गया है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं ने पता लगाया कि समय के साथ इन जोखिमों के प्रसार में किस प्रकार परिवर्तन आया है। शोधकर्ताओं की टीम ने 1947 और 2015 के बीच जुटाए गए आंकड़ों और 2020 में प्रकाशित लेटेस्ट शोधपत्र के आधार पर विश्व स्तर पर मनोभ्रंश से पीड़ित लोगों से जुड़े 27 शोधपत्रों का विश्लेषण किया। परिणामों से पता चला कि निम्न शिक्षा और धूम्रपान करने वालों की संख्या में समय के साथ कमी की वजह से डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) की दरों में गिरावट आई है। समय के साथ मोटापे और डायबिटीज की दरें बढ़ी हैं। साथ ही मनोभ्रंश के जोखिम में भी इनका योगदान बढ़ा है। ज्यादातर अध्ययनों में हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) सबसे बड़ा डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) का कारण बनकर उभरा है। यूसीएल साइकियाट्री की प्रमुख लेखिका नाहिद मुकदम ने कहा, समय के साथ हृदय संबंधी जोखिम ने डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) के जोखिम को और अधिक बढ़ा दिया है। इसलिए भविष्य में मनोभ्रंश की रोकथाम के प्रयासों के लिए इन पर ज्यादा ध्यान देकर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर समय के साथ कई उच्च आय वाले देशों में बढ़ा है। जिसका मतलब है कि यह डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) का कम महत्वपूर्ण जोखिम कारक बन गया है।

शराब के कारण सालाना होती है 30 लाख लोगों की मौतें, –डब्ल्यूएचओ ने कहा– हाल के वर्षों में मौतों में आई है कुछ कमी

जिनेवा। शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है। हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है, लेकिन यह 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। यह कहना है विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का। इस बारे में डब्ल्यूएचओ की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब की वजह से हर साल दुनिया भर में 20 में से करीब एक मौत होती है, जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाना, शराब के कारण हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियां और विकार शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में शराब के सेवन से 2.6 मिलियन मौतें हुईं – नवीनतम उपलब्ध आंकड़े – जो उस साल दुनिया भर में हुई सभी मौतों का 4.7 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि इनमें से करीब तीन–चौथाई मौतें पुरुषों की थीं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा, पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। पुरानी बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है और दुखद रूप से हर साल लाखों लोगों की मृत्यु को रोकता है। उन्होंने बताया कि 2010 से दुनिया भर में शराब के सेवन और उससे होने वाले नुकसान में कुछ कमी आई है। उन्होंने कहा, लेकिन शराब के सेवन के कारण स्वास्थ्य और सामाजिक बोझ अस्वीकार्य रूप से उच्च बना हुआ है।उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि युवा लोग असमान रूप से प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि 2019 में इसके कारण हुई सभी मौतों में से अनुमानित 1.6 मिलियन गैर–संचारी रोगों से थीं। इनमें से 474,000 हृदय संबंधी बीमारियों से, 401,000 कैंसर से और 724,000 लोग यातायात दुर्घटनाओं और खुद को नुकसान पहुंचाने सहित चोटों से थे। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि 2019 में शराब के कारण होने वाली मौतों का उच्चतम अनुपात – 13 प्रतिशत – 20 से 39 वर्ष की आयु के लोगों में था। शराब पीने से कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियां जुड़ी हुई हैं, जिनमें लीवर का सिरोसिस और कुछ कैंसर शामिल हैं।

तेहरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में इब्राहिम रईसी की मृत्यु के बाद इब्राहिम रईसी के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए त्वरित राष्ट्रपति चुनाव में शुक्रवार को मतदान केंद्र पर वोट देने के लिए कतार में खड़ी ईरानी महिलाएं।

वर्जीनिया की चुनावी रैली में ट्रंप ने डिबेट में अपने प्रदर्शन का मनाया जश्न

वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। यहां प्रेसिडेंशियल डिबेट जारी है। डिबेट में डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन पर निशाना साधा। इसके बाद वर्जीनिया में आयोजित एक चुनावी रैली में ट्रंप ने डिबेट में अपने प्रदर्शन का जश्न मनाया। अपने भाषण में ट्रंप ने कई मुद्दों पर बाइडन को घेरा। उन्होंने बाइडन से कहा कि देश उन्हें नहीं चाहता और यहां से भाग जाओ। उन्होंने कहा कि बाइडन राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर नहीं निकल रहे हैं। ट्रंप ने कहा, कल रात के प्रदर्शन के बाद कई लोग कह रहे हैं कि जो बाइडन दौड़ से बाहर हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि मैं ऐसा नहीं मानता। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि बाइडन से डिबेट के मॉडरेटर मिले हुए थे। जिसका अर्थ है कि बाइडन बहस में हेराफेरी करने की कोशिश कर रहे थे। ट्रंप ने अप्रवासियों द्वारा अश्वेत और हिस्पैनिक अमेरिकियों से नौकरियां छीनने के बारे में निराधार आरोप लगाए। बाइडन ने यह याद दिलाए जाने पर कि ट्रम्प के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ जॉन केली ने कहा था कि ट्रंप ने मृत सैन्य दिग्गजों को मूर्ख और असफल कहा था। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया और केली का अपमान करते हुए उन्हें उनमें से सबसे मूर्ख और एक खोई हुई आत्मा बताया।

चीन के एयरपोर्ट पर अडानी का कब्जा! नेपाल ने भारत से निभाई दोस्ती, जिनपिंग के उड़े होश

नई दिल्ली (एजेंसी)। अडानी ग्रुप बड़े स्तर पर दुनिया में छाया हुआ है और अब बारी एयरपोर्ट्स की है। खबर है कि नेपाल के एयरपोर्ट्स को अडानी टच मिलने वाला है। बड़ी बात ये है कि नेपाल में जिस एयरपोर्ट को चीन ने बनाया वो एयरपोर्ट भी अडानी ग्रुप संचालित करने जा रहा है। माना जाता है कि पिछले साल भारत की यात्रा के दौरान, नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कुमार दहल प्रचंड ने नवनिर्मित हवाई अड्डों के प्रबंधन के लिए भारत से मदद मांगी थी। नेपाली अधिकारी अपने तीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रबंधन के लिए भारतीय अरबपति समूह अडानी एंटरप्राइजेज के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। बहुराष्ट्रीय सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध होल्डिंग कंपनी अडानी समूह का हिस्सा है। नेपाली सूत्रों ने कहा कि अडानी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के वरिष्ठ अधिकारी नेपाली एजेंसी के निमंत्रण पर काठमांडू में नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) के साथ शुरुआती दौर की वार्ता कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बैठकें जनवरी से हो रही हैं जब समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने 'वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन' के मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राम शरण महत के साथ एक बैठक के दौरान नेपाल के हवाई अड्डे और ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश करने में रुचि व्यक्त की थी। हालांकि, अडानी के अधिकारियों ने अभी तक इस मामले पर अंतिम फैसला नहीं किया है, जब तक कि समूह हवाई अड्डों के संचालन की व्यवहार्यता का आकलन नहीं कर लेता। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने वैश्विक निविदा के माध्यम से कम से कम तीन हवाई अड्डों - पोखरा क्षेत्रीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (पीआरआईए), गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीबीआईए) और त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) के संचालन को तीसरी कंपनी को आउटसोर्स करने का निर्णय लिया है।

मई 2022 में उद्घाटन भैरहवा में गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण चीन के नॉर्थवेस्ट सिविल एविएशन एयरपोर्ट कंस्ट्रक्शन ग्रुप द्वारा किया गया था। इसे एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए ओपेक फंड द्वारा वित्त पोषित किया गया है। दूसरी ओर, पिछले जनवरी में उद्घाटन किए गए पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण चीन के निर्यात-आयात बैंक से 215 मिलियन डॉलर के ऋण की मदद से किया गया था। इसका निर्माण चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने किया है। पोखरा हवाई अड्डे को नेपाल में चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत निर्मित प्रमुख परियोजना के रूप में वर्णित किया गया है।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्यों कि नेहरु को याद

–पंचशील के सिद्धांतों पर कही ये बात

बीजिंग (एजेंसी)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वर्तमान समय के संघर्षों के अंत के लिए पंचशील के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को रेखांकित कर पश्चिमी देशों के साथ चीन के संघर्षों के बीच 'ग्लोबल साउथ' में अपने देश का प्रभाव बढ़ाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार पंचशील के सिद्धांतों को पहली बार औपचारिक रूप से 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत क्षेत्र के बीच व्यापार व संबंध को लेकर चीन और भारत के बीच हुए समझौते में शामिल किया गया था। चीन में इस शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत जबकि भारत में पंचशील का सिद्धांत कहा जाता है।



तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई जब सीमा मुद्दे का समाधान खोजने में विफल रहे थे तब उन्होंने पंचशील के सिद्धांतों पर सहमति जाहिर की थी। शी ने कहा, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों ने समय की मांग को पूरा किया और इनकी शुरुआत एक अपरिहार्य ऐतिहासिक घटनाक्रम था।

शी ने सम्मेलन को संबोधित कर कहा, चीन-भारत और चीन-म्यामांर संयुक्त वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को शामिल किया था। इन वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को द्विपक्षीय संबंधों के लिए बुनियादी मानदंड बनाने का आह्वान किया गया था। सम्मेलन में श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे सहित चीन क करीबी देशों के नेता और अधिकारी शरीक हुए। शी ने कहा कि शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों की शुरुआत एशिया में हुई, लेकिन जल्द ही ये विश्व मंच पर छा गए। उन्होंने कहा कि पंचशील सिद्धांत आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय की समान संपत्ति बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि 1955 में बांडुंग सम्मेलन में 20 से अधिक एशियाई और अफ्रीकी देशों ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक में उभरे गुटनिरपेक्ष आंदोलन ने भी इन सिद्धांतों को मार्गदर्शक सिद्धांत के तौर पर अपनाया। अमेरिका और यूरोपीय संघ से बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का सामना कर हाल के वर्षों में एशियाई, अफ्रीकी और लातिन अमेरिकी देशों में अपना प्रभाव बढ़ाने की जुगत में लगे चीन का भारत और अन्य विकासशील देशों के साथ संघर्ष हुआ है। इन देशों को मोटे तौर पर 'ग्लोबल साउथ' कहा जाता है।

हूती विद्रोहियों ने एक पोत पर मिसाइल हमले किए

लंदन। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर मिसाइल हमले किए। ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही वर्तमान में समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन' (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं। यूकेटीएमओ ने बताया कि हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले के बारे में बताया है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं। हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं। विद्रोहियों के अनुसार, 30 मई को हुए हमले में करीब 16 लोगों की मौत हुई थी और 42 अन्य घायल हुए थे।

रूस–यूक्रेन जंग खत्म करने की बना रहे हैं योजना : जेलेंस्की

कीव (एजेंसी)। यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा, हमारे लिए युद्ध को खत्म करने की एक योजना बनाना बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा समर्थन किया जाना चाहिए। यह एक कूटनीतिक रास्ता है जिस पर हम काम कर रहे हैं। इससे पहले ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ की शिखर सम्मेलन में, ज़ेलेंस्की ने कहा था कि वह युद्ध को खत्म करने के लिए कुछ ही महीनों में एक विस्तृत योजना पेश करेंगे। सैनिकों और नागरिकों के बीच मौत के बढ़ते आंकड़ों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, हमारे पास बहुत ज्यादा समय नहीं है।

ज़ेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सार्वजनिक बयानों को देखे तो शांति समझौते की शर्तों के मामले में दोनों देश अब भी एक-दूसरे से बिलकुल अलग नज़र आते हैं। शांति समझौते को लेकर यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि बातचीत शुरू होने से पहले रूस को अपने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से अपने सैनिकों को वापस बुलाना होगा। ज़ेलेंस्की ने इस महीने की शुरुआत में स्विट्ज़रलैंड में एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी। इस सम्मेलन में रूस को नहीं बुलाया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाना ही था। 90 से अधिक देशों ने इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया। अधिकतर देशों ने एक विज्ञप्ति पर सहमति भी जताई, जिसमें किसी भी समझौते में यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की जरूरत पर जोर दिया गया। लेकिन भारत जैसे कुछ प्रमुख देश सहमत नहीं हुए और रूस के सहयोगी चीन जैसे कुछ और देशों ने रूस को आमंत्रित नहीं किए जाने के विरोध में शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया था।

नासा ने बढ़ाई स्टारलाइनर मिशन की अवधि, अभी धरती पर नहीं लौटेंगी सुनीता

–अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेसवॉक में भी आ रही हैं दिक्कतें

वॉशिंगटन (एजेंसी)। नासा की भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और एक अन्य साथी स्पेस में फंसे हुए हैं। सुनीता बोइंग स्टारलाइनर के जरिए वह अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस स्टेशन गई थीं और बोइंग कैप्सूल में खराबी के कारण वह वहां फंस गई।

नासा ने अब कहा है कि उसके दोनों अंतरिक्ष यात्री ज्यादा समय तक स्पेस में ही रहेंगे। क्योंकि इंजीनियर बोइंग कैप्सूल में आई खराबी को सुधारने का काम जारी है। नासा ने जमीन पर परीक्षण पूरा होने तक वापसी की तारीख तय नहीं की और कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। नासा के स्टीव स्टिच ने कहा कि हमें अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि नासा स्टारलाइनर के मिशन की अवधि को 45 से बढ़ाकर 90 दिन करने पर विचार कर रहा है।

बता दें पांच जून को दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सवार होकर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए थे। सालों की देरी और असफलताओं के बाद बोइंग का यह पहला अंतरिक्ष यात्री लॉन्च था। यह टेस्ट फ्लाइट करीब एक सप्ताह चलने की उम्मीद थी। विल्मोर और विलियम्स के लिए स्टेशन से जुड़ने के दौरान कैप्सूल की जांच के लिए पर्याप्त समय था लेकिन कैप्सूल के थ्रस्टर में खराबी के कारण नासा और बोइंग को समस्या का विश्लेषण करते समय वापसी की उड़ान में देरी करनी पड़ी।

नासा को अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेसवॉक में भी दिक्कतें आ रही हैं। इसी सप्ताह एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी लीक होने के बाद स्पेसवॉक रद्द कर दी गई। समस्या का समाधान नहीं हुआ है और अगले सप्ताह की प्रस्तावित स्पेसवॉक भी रद्द कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टारलाइनर की उड़ान से पहले रॉकेट में हीलियम लीक देखने को मिला था। उड़ान के दौरान कई और रिसाव देखे गए। हीलियम का इस्तेमाल थ्रस्टर्स के लिए ईंधन पर दबाव डालने के लिए किया जाता है। पांच फेल थ्रस्टर्स में से चार को ठीक कर लिया गया है। एक थ्रस्टर के ठीक होने की उम्मीद नहीं है।

पाकिस्तान को अब हथियार देगा अमेरिका? बिना तैयारी कर दिया सैन्य ऑपरेशन का एलान, फंसने पर लगा गिड़गिड़ाने

इस्लामाबाद (एजेंसी)। अगर लंबे समय तक खाई को घूरेंगे तो खाई भी आपको घूरने लगेगी।' जर्मन दार्शनिक नीत्शे का एक क्योट है। डेढ़ सौ साल पहले कही गई ये बात अब हमारे पड़ोस में साकार हो रही है। पाकिस्तान तालिबान को घूर रहा है, लेकिन क्यों ? क्योंकि तालिबान की परछाई उसके अपने घर में आकार ले रही है। पाकिस्तान वैसे तो आतंकवाद को पालने वाला देश माना जाता है टीटी के आतंक से परेशान होकर देश में आतंकवाद खत्म करने के लिए एक सैन्य अभियान चलाने का ऐलान किया है। लेकिन इस अभियान में पाकिस्तान कामयाब होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हाल ही में पाकिस्तान की सरकार ने नाम की सैन्य अभियान को मंजूरी दी है। पाकिस्तान की सरकार का कहना है कि इस सैन्य अभियान का उद्देश्य टीटीपी और दूसरे आतंकी गुटों से लड़ना है। शहबाज शरीफ के कार्यालय की ओर से इसकी घोषणा कर दी गई है। लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने इसकी अभी पूरी तरह से तैयारी नहीं की है। ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम (स्थिरता का संकल्प) के ऐलान के तुरंत बाद से ही अमेरिका से हथियारों की मांग शुरू कर दी है। पाकिस्तान ने अमेरिका से छोटे हथियार की मांग की है।

पाकिस्तानी मीडिया संस्थान जियो न्यूज के मुताबिक अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत मुसुद खान ने वाशिंगटन डीसी में विलशन सेंटर के एक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम (स्थिरता का संकल्प) की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उनके देश को छोटे हथियारों और दूसरे आधुनिक सैन्य उपकरणों की आवश्यकता है। मुसुद खान ने ये भी कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका को अपने संबधों को मजबूत करने के लिए दूसरे मोर्चे के साथ भी खुफिया सहयोग भी बढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही सैन्य प्लेटफॉर्मों की बिक्री फिर से शुरू करनी चाहिए। यह क्षेत्रीय सुरक्षा और आतंकवाद को रोकने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

हिमांशु भड़ाना व आकांक्षा चपराणा ने जीती जिला केसरी कुश्ती प्रतियोगिता

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। सेक्टर-12 खेल परिसर में आयोजित दो दिवसीय जिला कुमार, केसरी व जिला अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई हैं। दो दिवसीय जिला कुमार, केसरी व जिला अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाडियों में बढ़चढ़ भाग लिया। जिला खेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फाईनल रिजल्ट जिला केसरी पुरुष फ्री स्टाइल में प्रथम हिमांशु भड़ाना, द्वितीय शिवम् रहे। जिला कुमार के पुरुष वर्ग में फ्री स्टाइल में प्रथम नीरज, द्वितीय जय सैनी, जिला केसरी पुरुष ग्रीको रोमन में प्रथम नवीन रावत, द्वितीय अनुज, जिला कुमार पुरुष ग्रीको रोमन में प्रथम हेमंत, द्वितीय स्थान पर युवराज रहा। वहीं जिला केसरी महिला फ्री स्टाइल में प्रथम आकांक्षा चपराणा, द्वितीय कुमकुम ढंगेश ने प्राप्त किया। जिला कुमारी महिला फ्री स्टाइल में प्रथम एकता लांबा, द्वितीय अर्चना रही। जिला खेल अधिक देवेन्द्र गुलिया ने आगे बताया कि फाइनल रिजल्ट अंडर 17 ग्रीको रोमन में 45 किलोग्राम भार में प्रथम सौरभ, 48 किलोग्राम भार में प्रथम सौमदत्त, 51किलोग्राम भार में प्रथम निखिल द्वितीय योगेश, 55 किलोग्राम भार में प्रथम दीपक, द्वितीय रॉकी, 60 किलोग्राम भार में प्रथम पुनीत, द्वितीय विशाल, 65 किलोग्राम भार में प्रथम दक्ष, द्वितीय तनिश, 71 किलोग्राम भार में प्रथम रोहित, द्वितीय रणबीर, 80 किलोग्राम भार में प्रथम कार्तिक, द्वितीय कार्तिक, 92 किलोग्राम भार में लक्ष्य,110 किलोग्राम भार में प्रथम अक्षय, द्वितीय ओम यादव रहे। वहीं फाइनल रिजल्ट अण्डर 17 लडक़े फ्री स्टाइल में

45 किलोग्राम भार में प्रथम विवेक, द्वितीय मयंक, तृतीय हितेश, 48 किलोग्राम भार में प्रथम नीरज, द्वितीय वेद प्रकाश, तृतीय प्रिंस, 51 किलोग्राम भार में प्रथम जीतेन, द्वितीय वीरेन, तृतीय निखिल, 55 किलोग्राम भार में प्रथम पवन, द्वितीय वैभव, तृतीय नैतिक, 60 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम कर्त्तव्य, द्वितीय कुणाल, तृतीय नितिन, 65 किलोग्राम भार में प्रथम कृत, 71 किलोग्राम भार में प्रथम कृतार्थ , द्वितीय अनिल, तृतीय दीपक, 80 किलोग्राम भार में प्रथम हर्ष, द्वितीय सुशांत, 92 किलोग्राम भार में प्रथम निशांत,110 किलोग्राम भार में प्रथम लक्ष्य राणा रहे। इसी कड़ी में फाइनल रिजल्ट अण्डर - 17 लड़किया फ्री स्टाइल में 36 से 40 किलोग्राम भार में प्रथम संजना, 43 किलोग्राम में प्रथम कनिका, द्वितीय कृतिका, 49 किलोग्राम भार में प्रथम प्रिया, द्वितीय सलोनी, तृतीय राधिका, 53 किलोग्राम भार में प्रथम नैना, द्वितीय प्राची, तृतीय हिना, 57 किलोग्राम में प्रथम निशा भारद्वाज, द्वितीय उर्वशी, 61 किलोग्राम में प्रथम अर्चना, 65 किलोग्राम में एकता लांबा, 73 किलोग्राम में महक चौधरी रहे। फाईनल रिजल्ट सीनियर पुरुष फ्री स्टाइल में 57 किलोग्राम में प्रथम आकाश, 61 किलोग्राम में प्रथम अभिषेक भाटी, 65 किलोग्राम में साहिल त्रिपाठी, 70 किलोग्राम में प्रथम मोंटी नागर, द्वितीय बबलू, तृतीय कुशलदीप, 74 किलोग्राम में प्रथम विशाल, 79 किलोग्राम में मनीष चंदीला, 86 किलोग्राम में गौरव, 92 किलोग्राम में नविन रावत, 97 किलोग्राम में प्रथम हिमांशी भड़ाना, द्वितीय गौरव, 125 किलोग्राम में प्रथम हंस रहे। फाईनल रिजल्ट सीनियर महिला फ्री स्टाइल में 50 किलोग्राम नैंसी, 53 किलोग्राम साक्षी, 62 किलोग्राम में कुमकुम धंगेश, 76 किलोग्राम में प्रथम आकांक्षा चपराना रही। इसी प्रकार फाईनल रिजल्ट सीनियर पुरुष ग्रीको रोमन में 55 किलोग्राम में प्रथम महेश, 60 किलोग्राम में प्रथम भूपेंद्र यादव, 63 किलोग्राम में प्रथम कुणाल, 67 किलोग्राम में प्रथम जयप्रकाश, 72 किलोग्राम में प्रथम साहिल, 77 किलोग्राम में प्रथम मोहित, 82 किलोग्राम में प्रथम तुषार, 87 किलोग्राम में कर्ण, 97 किलोग्राम में प्रथम गौरव रहे। फाईनल रिजल्ट लडक़े अंडर 21 में 60 किलोग्राम में प्रथम निशांत, 63 किलोग्राम में रोहन, 67 किलोग्राम में प्रथम युवराज, 72 किलोग्राम में प्रथम देव नागर, 77 किलोग्राम में शुशांत वशिष्ठ, 82 किलोग्राम में प्रथम राहुल, 87 किलोग्राम में प्रथम अनुज रहे। फाईनल रिजल्ट लड़कियों अंडर 21 में 59 किलोग्राम में प्रथम प्राची, 68 किलोग्राम में प्रथम स्नेहा दहिया रही। फाईनल रिजल्ट लडक़े अंडर 21 फ्री स्टाइल में 57 किलोग्राम में प्रथम रुपेश, 61 किलोग्राम में प्रथम पुष्प, द्वितीय आकाश, 65 किलोग्राम में प्रथम हेमंत, द्वितीय वंश नागर, 70 किलोग्राम में प्रथम नीरज, द्वितीय शुभम, 74 किलोग्राम में प्रथम जय सैनी, द्वितीय जितेंद्र, 79 किलोग्राम में प्रथम सत्यांश त्रिपाठी, 86 किलोग्राम में प्रथम दीपक, 92 किलोग्राम में प्रथम शिवम्, 97 किलोग्राम में प्रथम ऋषभ, 125 किलोग्राम में प्रथम दीपक दलाल रहे।

जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित जुड़वां बच्चे की हुई सफल जटिल हृदय सर्जरी

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद की कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी टीम ने हरियाणा के रेवाड़ी जिले से आए 45 दिन के बच्चे की आर्टेरियल स्विच (धमनी स्विच) नामक हृदय की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की है। बच्चा ट्रांसपोज़्ड धमनियों के साथ पैदा हुआ था। अस्पताल के प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर-पीडियाट्रिक-कार्डियोथोरेसिक सर्जरी डॉ. राजेश शर्मा ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस सर्जरी के दौरान एनेस्थेटिस्ट डॉ नित्या बिसारिया, परफ्यूजन टीम का नेतृत्व सुश्री अर्चना त्रिवेदी और बिजेंद्र सिंह बाली का भी विशेष योगदान रहा। रेवाड़ी का बच्चा अपने जुड़वां भाई के साथ 1.5 किलोग्राम वजन के साथ पैदा हुआ था। जुड़वां भाई स्वस्थ पैदा हुआ, जबकि यह बच्चा कमजोर और छोटा था। जब शिशु का हृदय सामान्य रूप से काम नहीं करने के कारण ठीक से विकसित नहीं हो रहा था, तो उसे डॉ राजेश और उनकी टीम की देखरेख में लाया गया। जाँच करने पर बच्चे में ट्रांसपोज़्ड धमनियों का पता चला। इस बच्चे में, कम वजन सर्जरी में एक अतिरिक्त तकनीकी कठिनाई थी क्योंकि कम वजन सर्जरी के दौरान परफ्यूजन (हृदय-फेफड़े की मशीन) प्रबंधन और सर्जरी के बाद आईसीयू प्रबंधन को जटिल बनाता है। इसके अलावा कम वजन वाले बच्चों में एनेस्थीसिया देना भी बड़ी चुनौती है, लेकिन अनुभवी चिकित्सकों ने इस स्थिति को अच्छे से संभाल लिया। दोनों बच्चे अब स्वस्थ और तंदुरुस्त हैं। उन्होंने बताया कि धमनियों का स्थानांतरण, जिसे ट्रांस्पोजिशन ऑफ द ग्रेट आर्टरीज (टी.जी.ए) भी कहा जाता है, एक गंभीर जन्मजात हृदय दोष है, जिसमें हृदय से निकलने वाली दो मुख्य धमनियाँ उलट जाती हैं। एक सामान्य हृदय में, पल्मोनरी धमनी, जो दाएं वेंट्रिकल से फेफड़ों तक ऑक्सीजन-रहित रक्त ले जाती है, और महाधमनी, जो बाएं वेंट्रिकल से शरीर के बाकी हिस्सों में ऑक्सीजन-युक्त रक्त ले जाती है, सही ढंग से स्थित होती हैं। टी.जी.ए में ये धमनियां बदल जाती हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह मामला काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि धमनी स्विच ऑपरेशन एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। सर्जरी करीब 4 घंटे तक चली और सफल रही। बच्चे को ठीक होने के बाद छुट्टी दे दी गई। बच्चे को पांच साल का होने तक हर महीने या साल में डॉक्टर के पास नियमित रूप से जाना होगा। यह बच्चा अब सामान्य जीवन जी सकता है।

पानी की समस्या को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर किया जोरदार प्रर्दशन

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। पिछले 4-5 महीने से पानी की समस्या झेल रहे प्रेम नगर सेक्टर 4 के सैकड़ो लोगों ने कांग्रेसी नेता गोल्डी बरेजा के नेतृत्व में सेक्टर-12 उपायुक्त कार्यालय के बाहर पानी की समस्या को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया व उपायुक्त की गैर हाजिरी में उनका कार्यभार संभाल रहे एडीसी आनन्द शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर गोल्डी बरेजा हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार व उनकी नीतियों पर जमकर बरसे। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि लगभग 4 से 5 महीने से पानी की भीषण समस्या प्रेम नगर व सेक्टर 7 और 8 के कुछ इलाके में चल रही है। जिसकी सूचना सभी नगर निगम

अधिकारियों व एफएमडीए के अधिकारियों सहित सभी बीजेपी नेताओं को है। लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही ऐसी नहीं हुई जिससे लोगों को राहत मिल सके। लोगों की बात ध्यान से सुनने के बाद अतिरिक्त उपायुक्त व एफएमडीए के चीफ इंजीनियर विवेक बंसल ने अधिकारियों से बात कर आश्वासन दिया कि कल से सुबह व शाम दो टाइम दो-दो घंटे कम से कम पानी की सप्लाई प्रेम नगर स्लम एरिया में दी जाएगी। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा है अगर सरकार ने हमारी इस समस्या को अनदेखा किया तो हम एक बड़े आंदोलन का आगाज करेंगे जिसका परिणाम हरियाणा सरकार को व फरीदाबाद के नेताओं को भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर गोल्डी अरोड़ा, अशोक राठौड़, बाबर,सुशील अमन, आजाद,रवि ,उमेश, राधेश्याम, पिंकी, मीनू, शोभा, सविता, पूनम, पूजा, नेहा, रेखा, बेबी, बिमला, सुनीता, सीमा, गुलाबी, आशा आदि मौजूद रहे।

ब्लाइन्ड क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हरियाणा ने हिमाचल और राजस्थान ने जम्मू को हराया

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। तीन दिवसीय ब्लाइन्ड क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच लॉर्ड्स क्रिकेट अकेडेमी पर प्रारंभ हुआ। पहला मैच हरियाणा एवं हिमाचल के बीच और दूसरा राजस्थान और जम्मू के बीच खेला गया। 20 ओवर के मैच मे हिमाचल की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाए जबकि हरियाणा की टीम ने 3 विकेट पर 182 रन बनाकर जीत हासिल की। दूसरे मैच में जम्मू ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 142 रन बनाए जबकि राजस्थान ने 3 विकेट पर 143 रन बना कर जीत हासिल की । मैच फरीदाबाद शहर के जाने माने चार्टर्ड अककोउन्टेन्ट संजय चांडक ने टॉस कर और पहली बाल फेक कर सेमीफाइनल मैच शुरू किया। सी ए संजय चांडक ने काफी समय तक बैठकर मैच देखा और कॉमेंटरी भी की। उन्होंने कहा कि ब्लाइन्ड खिलाडियों के मैच भी किसी तरह रणजी ट्रॉफी से कम नहीं है,जहां साइटेड खिलाडियों के 20 ओवर मैच मे 140 या 142 रन बनते है वहाँ ब्लाइन्ड मैच में 20 ओवर मे 150 से अधिक रन बन रहे है, उन्होंने टीम की हौसला अफजाई की । इस तरह अब

हरियाणा और राजस्थान फाइनल में पहुच गई और फाइनल मैच लॉर्ड्स क्रिकेट अकादमी पर हरियाणा और राजस्थान के बीच खेला जाएगा। हरियाणा नेत्रहीन क्रिकेट संगठन के अध्यक्ष अजीत पटवा ने सी ए संजय चांडक का टॉस कर मैच शुरू करने का आभार ज्ञापित किया। सी ए अजीत पटवा ने कहा क्रिकेट बोर्ड हर संभव कोशिश करता है जिससे ब्लाइन्ड मेन व महिला क्रिकेट खिलाडियों का विकास होता रहे ।

मोदी ने धारा 370 को ख़त्म कर दी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि-राजकुमार वोहरा

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। जहां हुए बलिदान मुखर्जी...वो कश्मीर हमारा है, वो कश्मीर हमारा है...वो सारा का सारा है, जिस जम्मू कश्मीर के सम्पूर्ण विलय के लिए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपने प्राणों की आहुति दी, लगभग 65 साल बाद अगस्त 2019 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने धारा 370 को सदा के लिये समाप्त कर डॉक्टर श्यामा प्रसाद जी के जम्मू कश्मीर के सम्पूर्ण विलय के सपने को साकार किया। जो आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा । भारतीय जनता पार्टी ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में भाजपा जिला पार्टी फ़रीदाबाद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकश रेक्सवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, सुखबीर मलेरना, डॉक्टर आर एन सिंह,

बडखल क्षेत्र में नहीं रहने दूंगी विकास कार्यों की कमी-सीमा त्रिखा

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। हरियाणा की शिक्षा मन्त्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि बडखल विधान सभा क्षेत्रड्ड में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दूंगी। शिक्षा मंत्री ने आज रविवार को बडखल विधान सभा क्षेत्र में लगभग डेढ करोड़ रुपये की धनराशि के विकास कार्यों की सौगात देते हुए उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने स्थानीय गणमान्य लोगों के हाथों से नारियल तुडवा कर आरएमसी रोड के कार्य का शुभारंभ करवाया। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने आरएमसी सडक़ के निर्माण कार्य का शुभारम्भ क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिको एवं कार्यकर्ताओं से करवाते हुए कहा कि बडखल झील के नवीनीकरण के विकास कार्यों को तेज गति करवाया जा रहा है। वहीं बडखल विधान सभा क्षेत्र में लोगों को बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सिवरेज व्यव्स्था तथा पार्को के सौन्दर्य करण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। सीमा त्रिखा ने लगभग 1.50 करोड़ रुपये की लागत से मण्डल रोज गार्डन सत्संग मण्डल से गोल्फ क्लब से माल आफ फरीदाबाद तक की आरएमसी सडक़ के निर्माण कार्य का शुभारम्भ बडख़ल विधानसभा के वरिष्ठ नागरिको एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में कराया। उन्होंने कहा कि लगभग 1.50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन आरएमसीसडक़ के निर्माण कार्य लगभग 2 महीनो में पूरा होगा। जिसमे इस सडक़ से आवागमन करने वाले स्थानीय निवासियों को बहुत राहत मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में बडखल विधानसभा में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदीण खत्री, अनिल कपूर, सुनील भाटिया, बिशम्बर भाटिया संजय महेन्द्र,प्रवीण खत्री ,संजय महेंद्रू , विजय कंठा,

खुशबू सिंह, राजकुमार वर्मा, सरिता हसीजा पूजा विरमानी आर0के0 अरोड़ा, प्रेम आहूजा, गौरव, सत्संग मण्डल रोज गार्डन से डी0सी0 लाल, जी0पी0 गांधी, गोपी चन्द रतड़ा भवानी दास मलिक, सुभाष अरोड़ा, हरबन्स लाल बांगा, राजकुमार दर्मा कमलेश भाटिया रविन्द्र भाटिया(बन्दू) आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338